मासिक

RNI NO. MPHIN/26/A4137

मध्य खबर पब्लिकेशन

संपादक - सौरभ द्विवेदी

वर्ष:01 अंक 04 सिवनी 15 अक्टुबर 2026 पृष्ठ:8 मूल्य: 05 रुपये

श्योपुर में पॉक्सो कोर्ट का बड़ा फैसला: छात्रा से छेड़छाड़ के दो दोषियों को 4 साल की सजा



श्योपुर। महिला थाना श्योपुर के चर्चित छेड़छाड़ मामले में विशेष न्यायालय (पॉक्सो एक्ट) ने सख्त फैसला सुनाते हुए दो युवकों को 4 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश श्रीमती बबीता होरा शर्मा की अदालत ने ष्टड्डह्यद्ग हृश. स्ञ्ज/01/2026 (अपराध क्र. 27/2025 महिला थाना) में आरोपी विक्रम मीणा (21) निवासी ढोटी और कार्तिक मीणा (22) निवासी मेवाड़ा को दोषी करार दिया।

कोर्ट ने क्या सजा सुनाई -

न्यायालय ने दोनों दोषियों को भारतीय न्याय संहिता की धारा 74 सहपठित धारा 3(5) में 2 वर्ष का कठिन कारावास व 5000 रुपये जुर्माना और लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) की धारा 7/8 में 4 वर्ष का कठिन कारावास व 5000 रुपये जुर्माना से दंडित किया है। सभी सजाएं एक साथ चलेंगी।

क्या था मामला -

घटना 1 और 2 दिसंबर 2025 की है। शासकीय विद्यालय में कक्षा 10वीं में पढ़ने वाली एक नाबालिग छात्रा जब स्कूल की छुट्टी के बाद अपने हॉस्टल लौट रही थी, तब दोनों आरोपियों ने बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल से उसका पीछा किया, रास्ता रोका, हाथ पकड़ने का प्रयास किया और अश्लील टिप्पणियां की। छात्रा की शिकायत पर महिला थाने में मामला दर्ज हुआ था।

शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक श्रीमती प्रतिभा उमरैया ने मजबूती से पैरवी की।

इस तरह की घटना बर्दाश्त नहीं -

इस फैसले के बाद साफ संदेश गया है कि वही इस तरह की घटना को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, जो लड़कियां अपने घर से स्कूल-कॉलेज पढ़ने आती हैं और उनसे छेड़छाड़ की घटना होती है,

यह किसी भी तरीके से बर्दाश्त नहीं की जाएगी और नया कानून उसको नहीं छोड़ेगा। बेटियों की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों को कानून किसी भी सूरत में नहीं बख्शेगा।

नर्मदापुरम के नए कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने संभाला पदभार



पत्रकार अंकित सोनी की रिपोर्ट

नर्मदापुरम। नवागत कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने गुरुवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने उन्हें कार्यभार सौंपा। पदभार संभालने के बाद कलेक्टर वशिष्ठ ने जिले के विकास, प्रशासनिक व्यवस्था में सुधार और आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने को प्राथमिकता बताया। उन्होंने रेत, मिट्टी, शराब, नशीले पदार्थों और नकली कृषि उत्पादों से जुड़ी अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस, राजस्व, आबकारी, कृषि और खनिज विभाग की संयुक्त टीमें गठित कर प्रभावी कार्रवाई करने की बात कही।

27प्रतिशत ओबीसी आरक्षण की लड़ाई होगी तेज, नवंबर में भारत बंद का ऐलान

हाईकोर्ट के फैसले के बाद ओबीसी महासभा ने खोला मोर्चा, राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



बालाघाट। मध्यप्रदेश में ओबीसी आरक्षण का मुद्दा एक बार फिर गरमा गया है। 27 प्रतिशत आरक्षण को लेकर मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के हालिया निर्णय के बाद ओबीसी महासभा ने प्रदेशव्यापी आंदोलन का शंखनाद कर दिया है। गुरुवार को महासभा के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा और सरकार से 27 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करने के लिए ठोस कानूनी कदम उठाने की मांग की। महासभा ने स्पष्ट किया कि मांगों पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को प्रदेश से लेकर देशव्यापी स्तर तक ले जाया जाएगा। संगठन ने नवंबर में भारत बंद का आह्वान करने की चेतावनी भी दी है।

आरक्षण से लेकर जातिगत जनगणना तक उठाई आवाज ओबीसी महासभा ने अपने ज्ञापन में 27 प्रतिशत आरक्षण लागू करने, जनगणना में ओबीसी के लिए अलग कॉलम जोड़ने और जातिगत जनगणना कराने की मांग प्रमुखता से उठाई। संगठन ने कहा कि ओबीसी वर्ग को उसकी जनसंख्या के अनुपात में प्रतिनिधित्व और अवसर मिलना चाहिए। इसके लिए सरकार को प्रभावी कानूनी प्रावधान तैयार करने के साथ संवैधानिक प्रक्रिया के तहत आरक्षण संबंधी प्रावधानों को संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल कराने की दिशा में भी पहल करनी चाहिए।

2019 से कानूनी दांव-पेच में फंसा है मामला

महासभा के अनुसार, वर्ष 2019 में ओबीसी आरक्षण को 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत करने की प्रक्रिया शुरू हुई थी। इसके बाद मामला न्यायालय में पहुंच गया और लंबे समय से कानूनी प्रक्रिया में उलझा हुआ है। महासभा का आरोप है कि हालिया न्यायालयीन निर्णय के बाद 27 प्रतिशत आरक्षण की मांग कर रहे युवाओं और अभ्यर्थियों की चिंता बढ़ गई है। संगठन ने सरकार से न्यायालय के फैसले के विरुद्ध उपलब्ध कानूनी विकल्पों पर तत्काल विचार कर सर्वोच्च न्यायालय में प्रभावी पैरवी करने की मांग की है।

सरकार बनाए नया कानून, आंकड़ों के आधार पर हो पैरवी

ओबीसी महासभा ने मांग की कि यदि मौजूदा कानूनी प्रावधानों में कोई कमी है तो सरकार संवैधानिक प्रक्रिया के अनुरूप उसे दूर करे। वरिष्ठ संवैधानिक विशेषज्ञों से परामर्श लेकर अद्यतन और प्रमाणित आंकड़ों के आधार पर आरक्षण का मजबूत कानूनी आधार तैयार किया जाए। संगठन ने केंद्र सरकार के समक्ष भी आवश्यक प्रस्ताव रखने और संविधान की नौवीं अनुसूची में संबंधित प्रावधान शामिल कराने के लिए नियमानुसार प्रक्रिया शुरू करने की मांग की।

भर्ती परीक्षाओं और नियुक्तियों पर मांगा जवाब

महासभा ने वर्ष 2019 से अब तक 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण से संबंधित भर्ती परीक्षाओं, चयन सूचियों, नियुक्तियों और लंबित परीक्षा परिणामों की स्थिति सार्वजनिक करने की मांग की है। संगठन के मुताबिक, मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, कर्मचारी चयन मंडल और अन्य भर्ती एजेंसियों को प्रभावित अभ्यर्थियों के संबंध में स्पष्ट जानकारी देनी चाहिए। साथ ही न्यायालय के निर्णय और लागू कानून के दायरे में रहते हुए अभ्यर्थियों के हितों की रक्षा के लिए उचित कानूनी उपाय तलाशे जाने चाहिए।

सरकार ने मजबूती से नहीं रखा ओबीसी का पक्ष = सौरभ लोधी

ओबीसी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ लोधी ने कहा कि 27 प्रतिशत आरक्षण, जातिगत जनगणना और जनगणना में ओबीसी का अलग कॉलम जोड़ने की मांग को लेकर चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि न्यायालय में सरकार की ओर से ओबीसी का पक्ष मजबूती से नहीं रखा गया और पर्याप्त आंकड़े प्रस्तुत नहीं किए गए। उनका कहना है कि सरकार को आरक्षण के कानूनी पक्ष की गंभीरता से समीक्षा कर प्रभावी कार्रवाई करनी चाहिए। सौरभ लोधी ने कहा कि मांगों को लेकर महासभा सड़क पर उतरकर आंदोलन करेगी और जरूरत पड़ने पर संघर्ष को और व्यापक बनाया जाएगा।

1.87 लाख युवाओं के प्रभावित होने का दावा

महासभा के जिला उपाध्यक्ष प्रशांत मोहारे ने दावा किया कि आरक्षण के मुद्दे पर लिए गए निर्णय से करीब 1 लाख 87 हजार युवा प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने ओबीसी वर्ग को उसका अधिकार दिलाने के लिए न्यायालय में पर्याप्त प्रभावी पैरवी नहीं की। प्रशांत मोहारे ने कहा कि यदि पूर्व में लागू किए गए प्रावधानों में कोई कमी थी तो सरकार को उसे दूर करने की पहल करनी चाहिए थी। उन्होंने आरोप लगाया कि इससे ओबीसी वर्ग के युवाओं के भविष्य पर प्रतिकूल असर पड़ा है।

नवंबर में भारत बंद की तैयारी

प्रशांत मोहारे ने कहा कि ओबीसी महासभा आरक्षण के समर्थन में चरणबद्ध आंदोलन को आगे बढ़ाएगी। नवंबर में भारत बंद का आह्वान कर देशभर में आंदोलन करने की तैयारी है। महासभा का कहना है कि 27 प्रतिशत आरक्षण का सवाल केवल सरकारी नौकरियों या प्रतिशत तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सामाजिक न्याय, समान अवसर और प्रतिनिधित्व से जुड़ा विषय है। संगठन ने मांग पूरी होने तक लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष जारी रखने की बात कही

मातारानी की पूजा अर्चना कर अखण्ड सौभाग्यवती होने की कामना की





छिंदवाड़ा - माँ दुर्गा गणेश शनि सेवा समिति पी डव्लू डी परिसर शिवनगर कॉलोनी दुर्गा मंदिर में आज मातृशक्ति द्वारा सुहागले का आयोजन किया गया जिसमें सभी महिलाएं विशेष कलर की वेशभूषा में उपस्थित होकर मातारानी की पूजा अर्चना कर अखण्ड सौभाग्यवती होने की कामना की तथा भजन कीर्तन कर दुर्गा चालीसा का पाठ किया गया । पूजा अर्चना के उपरांत मंदिर प्रांगण में सभी मातृशक्ति को उपहार स्वरूप भेंट प्रदान की गई और प्रसाद वितरण किया गया । श्रद्धालुओं द्वारा 114 मनोकामना ज्योति कलश स्थापित किया गया है सुबह और शाम 8 बजे आरती के समय श्रद्धालु भक्त जनों का दर्शन हेतु तांता लगा हुआ है । इस अवसर पर श्रीमती पुष्पा शर्मा, श्रीमती अनिता बैस,श्रीमती सविता शुक्ला,श्रीमती मीनाक्षी शर्मा ,श्रीमती कमलेश शर्मा ,श्रीमती प्रवीना शर्मा,श्रीमती जमुना वेलवंशी ,श्रीमती रामकुमारी यादव, श्रीमती सीमा यादव,श्रीमती आशा कुमरे,श्रीमती दीपिका उइके,श्रीमती मंजू यादव सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित थी।

बंडोल में 16अक्टूबर को गूंजेंगे माता रानी के जयकारे, विशाल देवी जागरण में बहेगी भक्ति की रसधार



रिजा खान और बाली ठाकरे की प्रस्तुतियों से सजेगी भक्ति की शाम, नवयुवा दुर्गा उत्सव समिति ने श्रद्धालुओं से की शामिल होने की अपील

बंडोल/सिवनी। शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर बंडोल में माता रानी की भक्ति और जयकारों से वातावरण भक्तिमय होगा। शुक्रवार, 16 अक्टूबर को नवयुवा दुर्गा उत्सव समिति द्वारा थाना परिसर के सामने स्थित शिव मंदिर में विशाल देवी जागरण का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है।

देवी जागरण में भजन गायिका रिजा खान एवं बाली ठाकरे अपनी भक्तिमय प्रस्तुतियों से समां बांधेंगे। मां दुर्गा के भजनों और भक्ति गीतों के बीच श्रद्धालु माता रानी की आराधना करेंगे। आयोजन के माध्यम से क्षेत्र में धार्मिक आस्था, भक्ति और सामाजिक सद्भाव का संदेश दिया जाएगा। नवयुवा दुर्गा उत्सव समिति, बंडोल ने समस्त धर्मप्रेमी नागरिकों, माताओं-बहनों, युवाओं एवं श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। समिति ने श्रद्धालुओं से देवी जागरण में पहुंचकर आयोजन को सफल बनाने और मां दुर्गा की भक्ति में सहभागी बनने का आग्रह किया है।कार्यक्रम एक नजर में कार्यक्रम= विशाल देवी जागरण

दिनांक= शुक्रवार, 16 अक्टूबर 2026

समय= शाम 6 बजे से

स्थान= थाना परिसर के सामने, शिव मंदिर, बंडोल

आयोजक= नवयुवा दुर्गा उत्सव समिति, बंडोल

प्रमुख कलाकार- रिजा खान एवं बाली ठाकरे

श्री बागेश्वर धाम सनातन धर्म की महानता को प्रदर्शित करने वाली पांच दिवसीय रथयात्रा निकली



जिला ब्यूरो रघुराज यादव सागर बंडा शाहगढ़

श्री बागेश्वर धाम सनातन धर्म की महानता को प्रदर्शित करने वाली पांच दिवसीय रथयात्रा एक धार्मिक उत्सव है जो समुदाय में उत्साह और पवित्रता का संचार करता है। इस यात्रा ने कल सागर में श्री बागेश्वर धाम सागर शिष्य मंडल एवं सुंदर कांड मंडल एवं कैबिनेट मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, विधायक शैलेन्द्र जैन,डॉ अनिल तिवारी जी सागर शिष्य मंडल के संचालक पं संदीप दुबे जी, सुंदर कांड शिष्य मंडल के प्रभारी रजनीश विश्वकर्मा, ओर पूरा श्री बागेश्वर धाम सागर शिष्य मंडल सागर से शुरू होकर कर्रापुर सुहानी होटल संचालक, कर्रापुर शिष्य मंडल के संचालक शैलेंद्र सिंह, व कर्रापुर शिष्य मंडल कर्रापुर से बंडा की ओर प्रस्थान किया और आज यह शाहगढ़, घुवारा, और बड़ागांव होते हुए टीकमगढ़ में रात्रि विश्राम करेगी। सागर से बंडा के चरण में, भक्तों की भारी भीड़ ने गुरुदेव बागेश्वर बाबा के रथ को भव्य रूप से रोककर जगह जगह स्वागत हो रहा उनका आशीर्वाद और आशीर्वचन प्राप्त करने का सौभाग्य मिल भक्त जन को । बागेश्वर बाबा की यह यात्रा धार्मिक और सामाजिक सद्भावना का प्रतीक है, इसका किसी भी राजनीतिक उद्देश्य से कोई लेना-देना नहीं है।

बाबा का दृढ़ विश्वास है कि यदि समाज छुआछूत के दंश से मुक्त हो, लव जिहाद जैसी सामाजिक विकृतियों का उन्मूलन हो, नशा से मुक्त समाज निर्मित हो, और गाय को राष्ट्रमाता का दर्जा प्राप्त हो जाए तो मेरी यात्रा और जीवन को सफल मानूंगा। बंडा में, अजीत सिंह चीलपहा ?ी के मार्गदर्शन में पूरी कमेटी ने भव्य स्वागत किया और बाबा से आशीर्वाद लेकर स्वयं को धन्य समझा। इस आयोजन के माध्यम से धर्म, संस्कृति और समाज सुधार की दिशा में सकारात्मक बदलाव को प्रोत्साहित करने का प्रयास किया जा रहा है, जो कि बाबा के विचारों का संपूर्ण सार है।

कात्यायनी मंदिर बंडोल में 16 अक्टूबर को षष्ठी पूजन



नरेश उर्फ नीलू यादव,,

सिवनी जिला मुख्यालय से करीब 16 किलोमीटर दूर ग्राम बंडोल स्थित श्री मां योगमाया कात्यायनी सिद्ध पीठ मंदिर में 16 अक्टूबर को षष्ठी पूजन का विशेष आयोजन होगा। मां कात्यायनी के दरबार में विवाह बाधा निवारण, सुयोग्य वर की प्राप्ति और संतान की कामना लेकर श्रद्धालु विशेष पूजा-अर्चना करेंगे। मंदिर के मुख्य अर्चक शास्त्री सत्येंद्र तिवारी के अनुसार, पूजन के लिए शास्त्री राजकुमार दुबे सहित विद्वान ब्राह्मणों की व्यवस्था की गई है। मान्यता है कि मां के दरबार में सच्चे मन से की गई प्रार्थना से भक्तों को मनोकामना पूर्ति का आशीर्वाद मिलता है।

चंद्रावतीगंज डाकघर की यह हालत किसी वरिष्ठ अधिकारियों का ध्यान नहीं



(संतोष व्यास)

इंदौर / ग्रामीणों की सुविधा के लिए चंद्रावतीगंज में डाकघर खोला गया था जो सालों से किराए पर चल रहा है जबकि नई पोस्ट ऑफिस के लिए मंजूरी भी मिल चुकी है लेकिन आज तक किसी भी वरिष्ठ अधिकारियों इस और ध्यान नहीं दिया जबकि इस पोस्ट ऑफिस में लाड़ली बहना योजना सहित कई ग्रामीणों के खाते खुले हुए हैं। लेकिन यह डाकघर अब ग्रामीणों के लिए सुविधा नहीं, बल्कि परेशानी का कारण बन गया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि डाकघर समय पर नहीं खुलता है और यहां कोई जवाबदार अधिकारी भी नहीं रहता। जिसके चलते उपभोक्ताओं को आए दिन परेशान होना पड़ता है और घंटों इंतजार के बाद भी निराश लौटना पड़ता है।

दूसरी ओर केंद्र सरकार द्वारा डाकघर के माध्यम से कई जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं, जैसे बीमा योजना और अन्य बचत योजनाएं। लेकिन इन योजनाओं की जानकारी आज तक ग्रामीणों को नहीं दी गई है, जिसके कारण वे सरकारी लाभ से वंचित रह रहे हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि नया पोस्ट ऑफिस भवन मंजूर हो चुका है, लेकिन आज तक उसका कहीं अता-पता नहीं है। वर्तमान में मात्र 6 फीट के एक छोटे से कमरे में पुरानी पंचायत भवन के अंदर पोस्ट ऑफिस संचालित हो रहा है।

ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से मांग की है कि डाकघर को नियमित समय पर खोला जाए और जवाबदार कर्मचारी की नियुक्ति की जाए, ताकि ग्रामीणों

अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन विदिशा शाखा की वार्षिक बैठक व नवीन कार्यकारिणी घोषित



सौरभ सिंह - जिला ब्यूरो विदिशा

विदिशा - अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन विदिशा शाखा की वार्षिक सभा आज विलेज डेक रिसॉर्ट, उदयगिरि रोड, विदिशा पर सफलतापूर्वक संपन्न हुई ।बैठक की शुरुआत उदयगिरि नसिया जी मे श्री 1008 शीतलनाथ भगवान के अभिषेक,भक्तिमय पूजन से की गई जिसमें ब ?ी संख्या में सभी सदस्यों ने सपरिवार सम्मिलित होकर धर्म लाभ लिया ।तत्पश्चात विलेज डेक रिसोर्ट में सभा में सर्वसम्मति से नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें युवाओं में नई ऊर्जा का संचार करने एवं संगठन को नई दिशा देने के उद्देश्य से युवा चेहरों को दायित्व सौंपा गया।

नवीन कार्यकारिणी इस प्रकार है

अध्यक्ष अंशुल लश्करी,उपाध्यक्ष आशीष जैन अल्टीमेट,मंत्री राहुल बड़कुल,सहमंत्री पीयूष सिंघई,कोषाध्यक्ष ऋषिराज जैन खादी भंडार ,प्रवक्ता शोभित जैन जैन ऑप्टिकल्स,सांस्कृतिक मंत्री प्रिंस जैन निर्विरोध चुने गये।

पूर्व मंत्री अक्षय सिंघई द्वारा बैठक का संचालन किया गया वही श्री शीतलनाथ दिगम्बर जैन ब ?ा मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष मलुकचंद जैन,डॉ एम एल जैन,एड चक्रवर्ती जैन,वीरेंद्र मानपुर,राजीव अलंकार व परवार समाज समिति अध्यक्ष शिखरचंद जैन ,अविरल सिंघई,चिन्मय ब ?कुल आदि की उपस्थिति में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।

इस अवसर पर निवर्तमान अध्यक्ष मनीष जैन व पदाधिकारियों ने नवीन टीम को शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि नई टीम अपनी ऊर्जा, समर्पण, एकजुटता एवं समाजसेवा की भावना से फेडरेशन को नई ऊँचाइयों तक ले जाएगी ।कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियां भी सम्पन्न हुई जिसमें कपल गेम्स ,बच्चों के गेम्स ,तंबोला आदि रीतेश जैन करैया द्वारा करवाये गये जिसमें सभी युवाओं व बच्चों को बहुत आनंद आया।

कार्यक्रम के अंत में सभी सदस्यों ने जैन समाज की सेवा एवं संस्कारों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

सहयोगी श्री शीतल नाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर ट्रस्ट, किला अंदर विदिशा,श्री कुंद कुंद दिगंबर जैन मुमुक्षु मंडल ट्रस्ट, विदिशा,परवार समाज समिति विदिशा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

गुम हुआ मोबाइल पुलिस ने चंद मिनटों में बरामद कर मालिक को सौंपा



जुन्नारदेव चौकी अंबाड़ा पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए गुम हुए मोबाइल फोन को साइबर तकनीक की मदद से कुछ ही मिनटों में बरामद कर उसके मालिक को सुरक्षित वापस सौंप दिया

जानकारी के अनुसार पालाचौरई निवासी सोनू केवट का मोबाइल फोन गुम हो गया था। मोबाइल गुम होने के बाद उन्होंने चौकी अंबाड़ा में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत पर चौकी प्रभारी उप निरीक्षक चेतन मर्सकोले ने तत्काल संज्ञान लेते हुए पुलिस टीम को मोबाइल की तलाश के लिए सक्रिय किया पुलिस टीम ने साइबर तकनीक की सहायता से मोबाइल की लोकेशन का पता लगाकर कुछ ही मिनटों में मोबाइल बरामद कर लिया। इसके बाद आवश्यक कार्रवाई पूर्ण कर मोबाइल उसके वास्तविक मालिक सोनू केवट को सौंप दिया गया

मोबाइल वापस मिलने पर आवेदक ने अंबाड़ा पुलिस की त्वरित कार्रवाई के लिए आभार व्यक्त किया। पुलिस की इस कार्रवाई से एक बार फिर यह संदेश गया कि गुम या चोरी हुए मोबाइल की सूचना तत्काल पुलिस को देना महत्वपूर्ण है, जिससे तकनीकी सहायता के माध्यम से उसकी बरामदगी की संभावना बढ़ जाती है

इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी अंबाड़ा उप निरीक्षक चेतन मर्सकोले, आरक्षक राजेश लोधा एवं आरक्षक कमलेश धुर्वे की महत्वपूर्ण भूमिका रही

नवरात्रि जैसे पावन पर्व पर बिजली व्यवस्था को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी



लोकेशन उमरिया मध्य प्रदेश। उमरिया जिले के कई ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली बंद होने की समस्या सामने आ रही है। सैकड़ों ग्रामीणों को अंधेरे में रहने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। नवरात्रि जैसे पवित्र पर्व के दौरान भी बिजली आपूर्ति बाधित होने से ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मां दुर्गा की आराधना के लिए गांव-गांव में पंडाल सजाए गए हैं, जहां श्रद्धालु पूजा-अर्चना और धार्मिक कार्यक्रमों में शामिल हो रहे हैं। लेकिन बिजली बंद होने के कारण कई स्थानों पर माता रानी के पंडालों में अंधेरा छाया हुआ है। इससे श्रद्धालुओं और आयोजन समितियों को काफी दिक्कतें हो रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि त्योहार के समय बिजली व्यवस्था सुचारु रहनी चाहिए, ताकि पूजा-पाठ, आरती और अन्य धार्मिक कार्यक्रम व्यवस्थित रूप से संपन्न हो सकें। ऐसे समय में बिजली आपूर्ति बाधित होना चिंता का विषय है। अब सवाल यह उठता है कि जब नवरात्रि जैसे बड़े धार्मिक पर्व पर ही ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था प्रभावित है, तो आम दिनों में ग्रामीणों को किन समस्याओं का सामना करना पड़ता होगा ? ग्रामीणों की मांग है कि बिजली विभाग के जिम्मेदार अधिकारी मामले को गंभीरता से लें और प्रभावित क्षेत्रों में जल्द से जल्द बिजली आपूर्ति बहाल करें, ताकि मां दुर्गा की आराधना अंधेरे में न करनी पड़े।

सोनगढ़ में प्रशासनिक उदासीनता चरम पर- हॉकर्स जोन फ्लॉप, CCTV बंद और विकास का सच दिखाने वाले पत्रकारों को दूर रखने का आरोप!



तापी-सोनगढ़

सोनगढ़ शहर के मुख्य बाजार और आंतरिक इलाकों में ट्रैफिक की समस्या दिन-प्रतिदिन विकराल रूप धारण करती जा रही है। सड़कों पर लगातार बढ़ते वाहनों की आवाजाही और भारी भीड़ के कारण स्थानीय व्यापारियों, पैदल चलने वाले राहगीरों तथा वाहन चालकों को रोजाना भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

?दूसरी ओर, शहर की व्यवस्था को सुधारने के दावे के तहत करोड़ों रुपये खर्च करके बाजार में हॉकर्स जोन का निर्माण किया गया था। इसके बावजूद, नगर की सुरक्षा और निगरानी के लिए लगाए गए **CCTV** कैमरे और **LED** डिस्प्ले वर्तमान में पूरी तरह बंद पड़े हैं। त्योहारी सीजन के दौरान जब बाजारों में लोगों की भीड़ अत्यधिक बढ़ जाती है, तब भी इन सुरक्षा उपकरणों का बंद रहना नगरपालिका की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवालिया निशान खड़े करता है। जनता द्वारा दिए जाने वाले टैक्स के पैसों का इस तरह के विकास कार्यों में सही उपयोग हुआ है या नहीं, अब इसकी उच्च स्तरीय जांच की मांग भी जोर पकड़ने लगी है।

?नागरिकों का कहना है कि शहर में जनता के पैसों से खड़ी की गई सुविधाओं का सही इस्तेमाल और उनकी नियमित देखरेख होना बेहद जरूरी है। ट्रैफिक की समस्या से निपटने के लिए हॉकर्स जोन तो बना दिए गए, लेकिन उनका अपेक्षित लाभ जनता या व्यापारियों को मिलता नजर नहीं आ रहा है। केवल छोटे लारी-गल्ला चालकों के खिलाफ कार्रवाई कर

शारदीय नवरात्रि के चलते केवलारी में उमड़ रहा भक्तों का सैलाब













जगह-जगह पंडालों में विराज रही माता की प्रतिमाएं, भक्ति में डूबा नगर

केवलारी। शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व के चलते इन दिनों केवलारी नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में धार्मिक उत्साह और आस्था का माहौल बना हुआ है। नगर के विभिन्न वार्डों और प्रमुख स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा आकर्षक पंडाल सजाकर मां दुर्गा की प्रतिमाओं की स्थापना की गई है। सुबह से लेकर देर रात तक माता के दरबार में श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी हुई है।

नवरात्रि के अवसर पर जगह-जगह बनाए गए पंडालों को रंग-बिरंगी रोशनी, आकर्षक सजावट और फूल-मालाओं से सजाया गया है। शाम होते ही पंडालों में होने वाली आरती और धार्मिक आयोजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो जाता है। बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और बच्चे माता के दर्शन करने पहुंच रहे हैं।

सुबह से शुरू हो जाती है पूजा-अर्चना

नवरात्रि के दौरान विभिन्न दुर्गा पंडालों में प्रतिदिन सुबह विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जा रही है। श्रद्धालु माता के दरबार में पहुंचकर पूजा-अर्चना करने के साथ सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना कर रहे हैं। कई स्थानों पर कन्या पूजन, भजन-कीर्तन और अन्य धार्मिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहा है। शाम के समय विशेष आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। आरती के दौरान गूंजते जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय नजर आता है। माता के जयकारों और भक्ति गीतों से नगर की गलियां देर रात तक गूंज रही हैं।

आकर्षण का केंद्र बने दुर्गा पंडाल

केवलारी में विभिन्न समितियों द्वारा तैयार किए गए दुर्गा पंडाल इस बार श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। कहीं भव्य सजावट की गई है तो कहीं आकर्षक विद्युत साज-सज्जा के माध्यम से पंडाल को नया स्वरूप दिया गया है। श्रद्धालु परिवार सहित पंडालों में पहुंचकर माता के दर्शन कर रहे हैं और धार्मिक आयोजनों में हिस्सा ले रहे हैं।

नवरात्रि के चलते बाजारों में भी चहल-पहल बढ़ गई है। पूजा सामग्री, फूल-माला, प्रसाद, फल और अन्य धार्मिक सामग्री की दुकानों पर लोगों की भीड़ दिखाई दे रही है। शाम के समय बाजार और प्रमुख मार्गों पर भी लोगों की आवाजाही बढ़ जाती है।

सुरक्षा और व्यवस्था पर भी नजर

नवरात्रि के दौरान बढ़ती भीड़ को देखते हुए प्रमुख धार्मिक स्थलों और पंडालों के आसपास व्यवस्था बनाए रखने की आवश्यकता भी बनी हुई है। समितियों के स्वयंसेवक श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यवस्थाएं संभाल रहे हैं। कई स्थानों पर पार्किंग, पेयजल और श्रद्धालुओं की आवाजाही को व्यवस्थित करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

नवरात्रि पर्व को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। छोटे बच्चे भी रंग-बिरंगे परिधानों में माता के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। वहीं महिलाएं और बुजुर्ग भी बड़ी संख्या में धार्मिक आयोजनों में शामिल हो रहे हैं।

आस्था और उत्साह का संगम

शारदीय नवरात्रि केवल धार्मिक पर्व ही नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक एकजुटता का भी प्रतीक है। दुर्गा पंडालों के माध्यम से अलग-अलग समितियां और स्थानीय नागरिक मिलकर आयोजन कर रहे हैं। रात के समय पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ और आकर्षक रोशनी से पूरा नगर नवरात्रि के रंग में रंगा नजर आ रहा है।

नवरात्रि के आगामी दिनों में भी विभिन्न स्थानों पर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होने की संभावना है। जैसे-जैसे नवरात्रि का पर्व आगे बढ़ रहा है,

वैसे-वैसे माता के दरबार में श्रद्धालुओं की संख्या भी बढ़ती जा रही है।

कुल मिलाकर शारदीय नवरात्रि के चलते केवलारी इन दिनों पूरी तरह भक्ति के रंग में रंगा हुआ है। जगह-जगह सजे दुर्गा पंडाल, माता की प्रतिमाएं, आरती के जयकारे और श्रद्धालुओं की भीड़ नगर में धार्मिक उत्सव का माहौल बना रही है।

सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत फिट इंडिया योग एवं ज्ञान कार्यक्रम संपन्न







जुन्नारदेव। शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव में सोमवार 5 अक्टूबर को सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत फिट इंडिया योग एवं ज्ञान कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ संगीता वाशिंगटन के मार्गदर्शन में खेल परिसर में किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ पी अजवानी एवं चांदामेटा कन्या शाला हायर सेकेंडरी स्कूल की विषय विशेषज्ञ अंकिता सेलकरे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन खेल अधिकारी नीरज पाल द्वारा करते हुए बताया गया कि वर्तमान में विद्यार्थी खेलों के क्षेत्र में अपना सुनहरा भविष्य बना सकते हैं उन्हें खेल मैदान में रहकर सीखने की आवश्यकता है। मुख्य अतिथि डॉ प्रकाश अजवानी द्वारा योग एवं ज्ञान को अपनी दिनचर्या में शामिल करने की बात कही गई उन्होंने विद्यार्थियों से स्वस्थ रहने के लिए खेलों के साथ-साथ योग एवं ज्ञान को अपनाने की बात कही। उन्होंने संतुलित आहार और अधिक से अधिक पानी पीने की सलाह दी जिस व्यक्ति स्वस्थ और निरोगी रह सके। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉक्टर ए के टांडेकर द्वारा जल संरक्षण एवं संवर्धन विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किया गया। प्रोफेसर आरडी वाडिवा ने खेल के माध्यम से रोजगार और स्वरोजगार की बात कही। विषय विशेषज्ञ अंकिता सेलकरे द्वारा योग एवं ज्ञान को सफलता की सीधी बनाते हुए आगे बढ़ाने की बात कही उन्होंने प्रैक्टिकल के माध्यम से योग शिक्षा विद्यार्थियों को दी। कार्यक्रम का संचालन खेल अधिकारी नीरज पाल के द्वारा एवं आभार प्रदर्शन दो डॉली बरहैया द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रो आरके चंदेल, डॉ एसके शेण्डे, डॉ रीना मेश्राम, प्रो मनोज मालवीय, डॉ प्रवीण बोबडे, डॉ राहुल भारती, डॉ कविता मुकाती, प्रो मो आबिद, प्रो अबुल हसन, डॉ कैलाश गाकरे, राजेश माथनकर, सोनीराम ठाकरे, डॉ नीलेश वासनिक, डॉ ओम सिंह सिसोदिया, डॉ अलका नागले, लक्ष्मी प्रसाद नागवंशी, प्रियंका साहू, डॉ रितेश कहार, प्रणय रावत अनिल खमरिया सहित समस्त महाविद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

तापी जिले के उच्छल में विदेशी शराब की बड़ी खेप पकड़ी गई, 8.97 लाख का मुद्देमाल जब्त







गुजरात तापी ब्यूरो चीफ गणेश मराठे

उच्छल (तापी)। गुजरात के तापी जिले में शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई के दौरान उच्छल पुलिस ने धज गांव की सीमा से गुजरने वाले उच्छल-साकरदा हाईवे पर विदेशी शराब की बड़ी खेप पकड़ी। इस कार्रवाई में भारतीय निर्मित विदेशी शराब की 1,770 बोतलें एवं टिन, दो नंबर प्लेट, वाहन के कागजात तथा एक मारुति सुजुकी ब्रेजा कार सहित कुल ?8,97,941 का मुद्देमाल जब्त किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 13 अक्टूबर 2026 को उच्छल तालुका के धज गांव की सीमा में उच्छल से साकरदा जाने वाले हाईवे पर पुलिस ने नाकाबंदी की थी। इसी दौरान महाराष्ट्र से गुजरात की ओर दो मारुति सुजुकी ब्रेजा कारों में बिना किसी वैध पास-परमिट के विदेशी शराब लाई जा रही थी। आरोपियों के साथ एक स्विफ्ट डिजायर कार से पायलटिंग किए जाने की भी जानकारी सामने आई है।

पुलिस की नाकाबंदी देखकर स्विफ्ट डिजायर कार में सवार पायलटिंग करने वाले आरोपी फरार हो गए। वहीं, एक ब्रेजा कार के चालक ने कार को यू-टर्न लेकर भगा दिया। दूसरी ब्रेजा कार, जिसका नंबर त्रछ्व 26 श्व 7221 है, उसके चालक ने पुलिस से बचने के प्रयास में वाहन को सड़क किनारे खेत में उतार दिया, जिससे कार को नुकसान पहुंचा। इसके बाद चालक आशीष सुरेशभाई गामित और उसके साथ बैठे अश्विन नरेशभाई चौधरी गन्ने के खेत में भाग गए। पुलिस ने मौके से भारतीय निर्मित विदेशी शराब के अलग-अलग ब्रांड के 44 बॉक्स तथा खुली बोतलें और टिन सहित कुल 1,770 नग शराब बरामद की। शराब की कुल मात्रा 452.01 लीटर बताई गई है, जिसकी कीमत ?2,97,941 है। इसके अलावा ?6 लाख कीमत की एक ब्रेजा कार, दो नंबर प्लेट और सात कागजात सहित कुल ?8,97,941 का मुद्देमाल जब्त किया गया।

वांछित आरोपियों के नाम

हर्षदभाई कनुभाई चौधरी, निवासी आश्रम फलिया, डोलवण गांव, तहसील डोलवण, जिला तापी।

2. राकेशभाई लाजरशभाई गामित, निवासी दादरी फलिया, पीठादरा, तहसील डोलवण, जिला तापी।

3. आशीष सुरेशभाई गामित, निवासी पाटी गांव, तहसील डोलवण, जिला तापी।

4. अश्विनभाई नरेशभाई चौधरी, निवासी अंधारवाड़ी दूर गांव, तहसील डोलवण, जिला तापी।

5. दूसरी मारुति ब्रेजा कार का अज्ञात चालक।

पुलिस के अनुसार, हर्षदभाई चौधरी और राकेशभाई गामित पर शराब की खेप उपलब्ध कराने तथा स्विफ्ट डिजायर कार से पायलटिंग करने का आरोप है। मामले में सभी आरोपियों के एक-दूसरे की मदद से शराब की तस्करी करने की बात सामने आई है। इस मामले में गुजरात निषेध अधिनियम की धारा 65(ं)(E), 81, 83, 98(2) और 116(B) के तहत अपराध दर्ज किया गया है। मामले की आगे की जांच डोलवण पुलिस स्टेशन के पुलिस इंस्पेक्टर द्वारा की जा रही है।

हुनर ने बदली अतुल सहारे की जिंदगी, मोबाइल रिपेयरिंग से हर माह कमा रहे 10 हजार रुपये

हुनर ने बदली अतुल सहारे की जिंदगी, मोबाइल रिपेयरिंग से हर माह कमा रहे 10 हजार रुपये

ऋस्श्वञ्झङ्घ बालाघाट से मिला प्रशिक्षण बना आत्मनिर्भरता का आधार, ग्रामीण युवाओं के लिए बने प्रेरणा



बालाघाट 15 अक ?टूबर 2026। यदि मन में कुछ कर गुजरने का जज्बा हो और सही मार्गदर्शन मिल जाए, तो गांव में रहकर भी सफलता की नई इबारत लिखी जा सकती है। बालाघाट जिले के किरनापुर विकासखंड के ग्राम मर्री निवासी अतुल सहारे ने इसे अपनी मेहनत और लगन से सच साबित किया है। कभी रोजगार के बेहतर अवसर तलाशने वाले अतुल आज मोबाइल रिपेयरिंग का हुनर सीखकर प्रतिमाह लगभग 10 हजार रुपये की आय अर्जित कर रहे हैं। उन्होंने न केवल अपने लिए रोजगार का रास्ता तैयार किया, बल्कि ग्रामीण युवाओं के सामने भी आत्मनिर्भर बनने की एक प्रेरणादायक मिसाल पेश की है। अतुल सहारे, पिता श्री युवराज सहारे, की सफलता के पीछे उनकी मेहनत, सीखने की ललक और परिवार का मार्गदर्शन महत्वपूर्ण रहा है। उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (ऋस्श्वञ्झङ्घ), बालाघाट की भूमिका भी अहम रही।

RSETI के प्रशिक्षण से मिला नया रास्ता

ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों की तलाश कर रहे युवाओं के लिए कौशल प्रशिक्षण आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है। अतुल सहारे को भी अपने हुनर को रोजगार में बदलने का अवसर उस समय मिला, जब उन्होंने ऋस्श्वञ्झङ्घ बालाघाट के माध्यम से मोबाइल रिपेयरिंग का नि:शुल्क प्रशिक्षण प्राप्त किया।

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (RSETI) एवं राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (SRLM), बालाघाट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में अतुल ने मोबाइल फोन की मरम्मत से जुड़ी तकनीकी बारीकियां सीखीं। अग्रणी जिला प्रबंधक (ख्रुरू) श्री संजीव कुमार के मार्गदर्शन में संचालित इस पहल ने उन्हें स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान किया।

प्रशिक्षण के दौरान अतुल को केवल मोबाइल रिपेयरिंग का तकनीकी ज्ञान ही नहीं दिया गया, बल्कि व्यवसाय शुरू करने, लागत का प्रबंधन करने, ग्राहकों से बेहतर व्यवहार करने और बाजार की मांग को समझने जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी भी दी गई। अतुल ने पूरे उत्साह और लगन के साथ प्रशिक्षण पूरा किया तथा सीखे गए हुनर को अपनी आजीविका का साधन बनाने का संकल्प लिया।

हुनर को बनाया रोजगार का साधन

प्रशिक्षण पूरा करने के बाद अतुल ने अपने ही क्षेत्र में मोबाइल रिपेयरिंग का काम शुरू किया। शुरुआत में उन्हें अपने काम को स्थापित करने और ग्राहकों का विश्वास जीतने के लिए मेहनत करनी पड़ी। लेकिन उन्होंने धैर्य नहीं खोया और निरंतर अपने काम में सुधार करते रहे। धीरे-धीरे उनके काम को पहचान मिलने लगी। मोबाइल फोन आज दैनिक जीवन की महत्वपूर्ण आवश्यकता बन चुका है, ऐसे में उसकी मरम्मत से जुड़ी सेवाओं की ग्रामीण क्षेत्रों में भी मांग है। अतुल ने इसी संभावना को अपने रोजगार का आधार बनाया और अपने हुनर को आमदनी के स्रोत में बदलने में सफलता हासिल की।

आज अतुल सहारे मोबाइल रिपेयरिंग के कार्य से प्रतिमाह लगभग 10 हजार रुपये कमा रहे हैं। उनकी यह आय परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने में सहयोग कर रही है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि उन्होंने रोजगार के लिए दूसरों पर निर्भर रहने के बजाय अपने कौशल के दम पर आगे बढ़ने का रास्ता चुना है।

परिवार का मार्गदर्शन और मेहनत बनी ताकत

अतुल की इस सफलता में उनके पिता श्री युवराज सहारे के मार्गदर्शन और सहयोग का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। परिवार से मिले प्रोत्साहन और स्वयं की मेहनत ने उन्हें अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। ऋस्श्वञ्झङ्घ से प्राप्त प्रशिक्षण ने उन्हें तकनीकी दक्षता के साथ व्यवसाय को व्यवस्थित ढंग से संचालित करने की समझ भी प्रदान की।

अतुल का अनुभव बताता है कि रोजगार के लिए केवल बड़ी डिग्री या बड़े शहर का सहारा ही जरूरी नहीं है। यदि व्यक्ति के पास किसी कार्य का हुनर हो, उसे सीखने की इच्छा हो और वह निरंतर मेहनत करे, तो स्थानीय स्तर पर भी आजीविका के बेहतर अवसर तैयार किए जा सकते हैं।

प्रशिक्षण से आत्मनिर्भरता तक का सफर

अतुल सहारे की सफलता ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण की उपयोगिता को रेखांकित करती है। कौशल विकास से जुड़ा प्रशिक्षण युवाओं को अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार रोजगार चुनने तथा स्वरोजगार की दिशा में कदम बढ़ाने में मदद कर सकता है। अतुल ने प्रशिक्षण के माध्यम से सीखे गए कौशल को व्यवहार में उतारकर यह साबित किया है कि अवसर मिलने पर ग्रामीण युवा भी अपनी मेहनत से आर्थिक रूप से सशक्त बन सकते हैं। उनकी कहानी उन युवाओं के लिए प्रेरणा है, जो रोजगार की तलाश में हैं और अपना व्यवसाय शुरू करना चाहते हैं।

अतुल सहारे का सफर इस बात का उदाहरण है कि सही प्रशिक्षण, परिवार का सहयोग और निरंतर मेहनत मिलकर जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। ग्राम मर्री के इस युवा ने मोबाइल रिपेयरिंग के हुनर को अपनी ताकत बनाकर आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाए हैं। उनकी सफलता की कहानी संदेश देती है कि हुनर को पहचानकर उसका सही उपयोग किया जाए, तो गांव में रहकर भी सम्मानजनक आजीविका अर्जित की जा सकती है।

श्योपुर कॉलेज में भेदभाव का आरोप, प्राचार्य के इस्तीफे की मांग को लेकर दो छात्र भूख हड़ताल पर



श्योपुर। पीएम एक्सीलेंस कॉलेज श्योपुर में छात्र संगठनों को कार्यक्रम की अनुमति देने में कथित भेदभाव का मामला सामने आया है। विरोध में अभिषेक मीणा बमोरी और उनके साथी सौरभ भूख हड़ताल पर बैठ गए हैं। उन्होंने कॉलेज के प्राचार्य ओपी शर्मा के इस्तीफे और सभी छात्र संगठनों को समान अधिकार देने की मांग की है।

अभिषेक मीणा बमोरी के अनुसार, जब वे कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित करने की अनुमति मांगने पहुंचे, तो उनके साथ कथित तौर पर अपमानजनक व्यवहार किया गया। उनका कहना है कि प्राचार्य ने कॉलेज में किसी भी छात्र संगठन को कार्यक्रम की अनुमति नहीं देने की बात कही थी। इसके बावजूद कॉलेज परिसर में एबीवीपी के कार्यक्रम के लिए टेंट लगा दिखाई दिया। इसीको लेकर उन्होंने कॉलेज प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं।

अभिषेक ने कार्यक्रम के संबंध में जवाब मांगने के दौरान कॉलेज परिसर में भारी संख्या में पुलिस बल की मौजूदगी पर भी सवाल उठाए। इसके अलावा, स्कूली छात्राओं को बसों के माध्यम से कार्यक्रम स्थल पर लाए जाने को लेकर भी उन्होंने अपनी आपत्ति दर्ज कराई।

दो प्रमुख मांगों को लेकर भूख हड़ताल

भूख हड़ताल पर बैठे अभिषेक मीणा बमोरी और सौरभ की प्रमुख मांगों में प्राचार्य ओपी शर्मा का इस्तीफा तथा सभी छात्र संगठनों को समान अधिकार देने का लिखित आश्वासन शामिल है। उनका कहना है कि यदि कॉलेज प्रशासन सभी संगठनों को कार्यक्रम की अनुमति नहीं देने का नियम बनाता है, तो उसे सभी पर समान रूप से लागू किया जाना चाहिए।

अभिषेक मीणा बमोरी ने कहा कि कॉलेज किसी एक छात्र संगठन की जागीर नहीं है, बल्कि यह सभी विद्यार्थियों का संस्थान है। यहां प्रत्येक छात्र संगठन के साथ समान व्यवहार होना चाहिए और किसी भी संगठन के साथ भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए।

उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक उनकी मांगों पर लिखित आश्वासन नहीं मिलता, तब तक भूख हड़ताल जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि उनका विरोध किसी व्यक्ति या संगठन के खिलाफ नहीं, बल्कि कॉलेज में समान अधिकार, निष्पक्षता और छात्र सम्मान सुनिश्चित करने के लिए है।

अभिषेक मीणा बमोरी ने कहा, कॉलेज नियमों से चलेगा, भेदभाव से नहीं। छात्र हितों की आवाज उठाना हमारा अधिकार है और हम अपने अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रखेंगे।

नोट- यह समाचार अभिषेक

नोटिस के बाद भी नहीं मानेBJP नेता: किसानों के साथ कलेक्ट्रेट पर हल्लाबोल, CM के नाम सौंपा 11 सूत्रीय ज्ञापन

छिंदवाड़ा /सूखाग्रस्त घोषित करने, माचागोरा पीड़ितों को 4 गुना मुआवजा और चौसरा न्यूक्लियर प्लांट रद्द करने की मांग सैकड़ों किसानों ने किया प्रदर्शन

किसान आंदोलन में भाजपा के कई सरपंच जनप्रतिनिधि हुए शामिल

7 दिन का कारण बताओ नोटिस और वरिष्ठ नेताओं की समझाइश के बाद भी भाजपा किसान नेता एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष अमित सक्सेना अपने आंदोलन पर अड़े रहे। आज सैकड़ों किसानों के साथ उन्होंने कलेक्ट्रेट पहुंचकर हल्लाबोल किया और मुख्यमंत्री के नाम 11 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा।

किसान युवा शक्ति संगठन के बैनर तले हुई इस विशाल रैली में



जिले भर के किसान शामिल हुए। यह वही अमित सक्सेना हैं जिन्होंने भाजपा सरकार के खिलाफ आंदोलन का ऐलान किया था, जिसके बाद भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने उन्हें अनुशासनहीनता का नोटिस दिया था।

क्या हैं प्रमुख 11 मांगें -

1. सूखाग्रस्त घोषित करो: अल्प वर्षा से फसलें चौपट हुई हैं, जिले को सूखाग्रस्त घोषित कर सूखा राहत, फसल बीमा और बैंक ब्याज माफी दी जाए।

2-5. माचागोरा डूब क्षेत्र का दर्द- डूब क्षेत्र के किसानों को 4 गुना मुआवजा, 97त्न डूबे गांवों को 100त्न डूब घोषित करना, छूटे खसरे-मकानों का सर्वे, मछुआरों की नई समिति का गठन और पुनर्वास कॉलोनी के मकानों की रजिस्ट्री।

6. न्यूक्लियर प्लांट रद्द करो- चौसरा में प्रस्तावित न्यूक्लियर पावर प्लांट को हानिकारक बताते हुए मंजूरी न देने की मांग।

7-11. अन्य मांगे- हर पंचायत में बीवी-जी रामजी योजना के तहत खेत-सड़क के काम शुरू कर रोजगार देना, हर पंचायत में कुआं निर्माण, स्मार्ट मीटर हटाकर फ्लैट रेट बिजली, देवरी कला-केवलारी, सिहोरा मढका-जमुनिया, काराघाट-बोहनाखैरी में पुल निर्माण, माइक्रो इरिगेशन का काम तेज कर सिंचाई व नल-जल योजना शुरू करना औरनिर्माण सामग्री ढोने वाले ट्रैक्टरों पर कार्रवाई न करना।

बिछुआ में लोकायुक्त की बड़ी कार्यवाही, 3 हजार की रिश्वत लेते डिप्टी रेंजर रंगे हाथ पकड़ाया





आवेदक मुखराम मालवीय बिछुआ

बिछुआ/ मंगलवार शाम 6-7 बजे के दरम्यान लोकायुक्त टीम जबलपुर ने बड़ी कार्यवाही की है। आवेदक मुखराम मालवीय निवासी बिछुआ की शिकायत पर लोकायुक्त टीम ने पूर्व वनमंडल परिक्षेत्र बिछुआ के शासकीय आवास पर दबीश देकर डिप्टी रेंजर सुनील बनवारी को 3000 रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा। आरोपी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988ससोधन 2018कि धारा 7,13(1)बी,13(2)के अंतर्गत कार्यवाही कि जा रही है लोकायुक्त टीम में मुख्य रूप से निरीक्षक जितेन्द्र यादव, राहुल गजभिए एवं अन्य सदस्य शामिल रहे।

कमलनाथ ने ओबीसी वर्ग को दिया सत्ताईस फीसदी आरक्षण भाजपा ने छीन लिया: कांग्रेस

छिंदवाड़ा /

मप्र में कमलनाथ और कांग्रेस सरकार ने ही ली ओबीसी की सुध

-भाजपा सरकार के षड्यंत्र के चलते ओबीसी वर्ग के हाथों से चला गया 27 प्रतिशत आरक्षण

छिन्दवा ?ा- मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री सर्वमान्य जनप्रतिनिधि माननीय कमलनाथ जी के अथक व सतत प्रयत्नों से ओबीसी वर्ग को उनकी मंशानुसार शासकीय भर्तियों में आरक्षण का लाभ प्राप्त होता। मप्र के इतिहास में पहली दफा कमलनाथ सरकार के द्वारा ही ओबीसी वर्ग को शासकीय भर्तियों में 27 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने का निर्णय लिया था। जिसके उपरांत ओबीसी विरोधी भाजपा सरकार ने विभिन्न माध्यमों से षड्यंत्र रचकर आरक्षण से वंचित रखने की लगातार और भरपूर कोशिशें की, परिणाम स्वरूप अन्य पिछ ?ा वर्ग के हाथों से 27 प्रतिशत आरक्षण का अधिकार छिन गया। उक्त उदगार कांग्रेस अन्य पिछ ?ा वर्ग प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष श्री बैजू वर्मा ने जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से व्यक्त किए।

श्री बैजू वर्मा ने जारी बयान में कहा कि मुख्यमंत्रित्व कार्यकाल में माननीय कमलनाथ जी ने मार्च 2019 में प्रदेश के ओबीसी वर्ग को 27 फीसदी आरक्षण देने का ऐतिहासिक फैसला किया था। दिनांक 19 मार्च 2019 को उच्च न्यायालय ने पोस्टग्रेजुएट मेडिकल विषयों के लिए आरक्षण पर स्थगन दिया, किन्तु यह स्थगन केवल कुछ नौकरियों के लिए था। ओबीसी के रिजर्वेशन की सभी बाधाओं को दूर करने के लिए जुलाई 2019 में कमलनाथ सरकार ने विधानसभा से 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण का कानून भी पास किया। किन्तु भाजपा ने षड्यंत्र कर कांग्रेस की सरकार गिरा दी और फिर तात्कालीन सीएम श्री कमलनाथ द्वारा ओबीसी वर्ग के हित में लिए गए आरक्षण सम्बंधित फैसलें में षड्यंत्रकारी रूख अपनाते हुए उसमें अनेकों-अनेक पेचीदियां लगाई। ओबीसी वर्ग आरक्षण से वंचित रहे इसके लिए भाजपा ने हमेशा षड्यंत्रकारी रवैया अपनाया है। विगत 07 वर्षों के घटनाक्रम पर नजर डालें तो यह बात स्पष्ट हो जाती है।

माननीय कमलनाथ जी के द्वारा मध्यप्रदेश में ओबीसी वर्ग के प्रति लिया गया सबसे बड़ा व महत्वपूर्ण फैसला था। इसके पश्चात मार्च 2020 में शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनीं जिसने ओबीसी के खिलाफ षड्यंत्र शुरू किया। उच्च न्यायालय का आदेश सिर्फ कुछ पदों पर लागू होना था, किन्तु भाजपा सरकार ने पूरे प्रदेश में सभी जगह यह आदेश लागू कर ओबीसी वर्ग को दिए गए 27 फीसदी आरक्षण की हत्या कर दी। भाजपा सरकार ने 18 अगस्त 2020 को अतिरिक्त महाधिवक्ता ने उच्च न्यायालय में यह मत दिया कि 14 प्रतिशत आरक्षण के साथ ही सभी सरकारी विभागों में भर्तियां की जाएं। भाजपा सरकार का यह ओबीसी वर्ग के साथ खुला षड्यंत्र था।

भाजपा की ओबीसी विरोधी सोच यहां नहीं थमी इन्होंने जनवरी 2021 में उच्च न्यायालय में एक आवेदन प्रस्तुत किया कि 14 प्रतिशत आरक्षण के साथ ही भर्तियां कर ली जाएं और 13 प्रतिशत आरक्षण को होल्ड पर रखा जाए। सरकार के इस अभिमत के बाद जुलाई 2021 को जबलपुर उच्च न्यायालय ने 14 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण के साथ भर्ती करने का व 13 प्रतिशत को होल्ड करने का आदेश दिया। माननीय उच्च न्यायालय ने 28 जनवरी 2025 के अपने आदेश में 27 प्रतिशत आरक्षण के खिलाफ दायर की गई याचिका को खारिज कर दिया और याचिका खारिज होने के साथ

सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों से 5 मरीजों को इलाज के लिए मिली 2 लाख 55 हजार की आर्थिक सहायता राशि

(वनांचल की खबर)

छिन्दवाड़ा/सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों से ईलाज कराने में असमर्थ पांच लोगों को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की स्वेच्छानुदान निधि से दो लाख 55 हजार की आर्थिक सहायता प्राप्त हुई है। सांसद बंटी विवेक साहू के सहयोग से ईलाज कराने में असमर्थ लोगों को आर्थिक मदद दिलाने का सिलसिला लगातार जारी है। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मरीज एवं उनके परिजन लगातार सांसद बंटी विवेक साहू से संपर्क कर आर्थिक सहायता की अर्जी लगा रहे है। सांसद बंटी विवेक साहू सभी आवेदनों पर गंभीरता से विचार कर उन्हें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सहयोग से आर्थिक सहायता राषि भी उपलब्ध करा रहे है।

इसी सिलसिले में विगत दिनों मरीजों के परिजनों ने सांसद बंटी विवेक साहू से मुलाकात करते हुए अपनी आर्थिक स्थिति का हवाला देकर गंभीर रूप से बीमार मरीजों का ईलाज कराने में असमर्थता जताई और आर्थिक सहायता राशि उपलब्ध कराने की मांग की थी। उक्त आवेदनों पर गंभीरता पूर्वक विचार कर सांसद बंटी विवेक साहू ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र प्रेषित कर आर्थिक सहायता दिलाने का निवेदन किया था।

सांसद बंटी विवेक साहू के निवेदन पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अमरवाड़ा के ग्राम गुर्रया निवासी हीरालाल पिता रामस्वरूप चंद्रवशी को 50 हजार, तामिया निवासी अंशिका पिता दीपेश कुमार नागवंशी को 45 हजार, परासिया निवासी कृष्णा पिताश्री सुरेश धुर्वे को 50 हजार की राशि स्वीकृत की है, इन तीनों मरीजों का इलाज छिंदवाड़ा के अस्पतालों में होगा। वही चांद निवासी सुनीता पति बुद्धमान रघुवंशी 60 हजार एवं छिंदवाड़ा निवासी राकेश पिता रमेश चौरे को 50 हजार की

इंद्रा कॉलोनी में राजस्व वसूली अभियान , 1.53 लाख की वसूली के साथ 8 नल कनेक्शन विच्छेद









लोकेशन खंडवा मध्य प्रदेश असफाक सिद्दीकी जिला ब्यूरो

खंडवा, 15 अक्टूबर 2026। नगर पालिक निगम खंडवा द्वारा बकाया राजस्व की वसूली के लिए निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज हजरत खान शाह वली वार्ड क्रमांक 36 के अंतर्गत इंद्रा कॉलोनी क्षेत्र में राजस्व वसूली की कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान निगम की टीम द्वारा बकायादारों से कुल 1 लाख 53 हजार की राशि वसूल की गई। साथ ही, लंबे समय से बकाया राशि जमा नहीं करने वाले 8 बकायादारों के नल कनेक्शन विच्छेद किए गए।

नगर निगम द्वारा बकाया राजस्व की वसूली को लेकर नियमित रूप से कार्रवाई की जा रही है। निगम द्वारा बकायादारों से अपील की गई है कि वे अपना बकाया संपत्तिकर एवं जलकर समय पर जमा कराएं, ताकि अनावश्यक कार्रवाई से बचा जा सके। निर्धारित समय पर बकाया राशि जमा करने से निगम की राजस्व वसूली में वृद्धि होगी तथा शहर में आवश्यक नागरिक सुविधाओं के संचालन एवं विकास कार्यों को गति मिलेगी।

उक्त कार्रवाई में प्रभारी राजस्व अधिकारी श्री प्रकाश राजपूत, राजस्व उपनिरीक्षक श्री हाकिम सिंह, श्री वसीम अहमद, क्षेत्रीय निरीक्षक श्री संजय लाड सहित श्री राहुल प्रजापत, श्री इशाक खान, श्री कन्हैया यादव, श्री तेजसिंह जरखड़े, श्री मुकेश पाटिल एवं श्री सोहेल खान उपस्थित रहे।

गंजबासौदा में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत विदिशा पुलिस द्वारा आयोजित संवाद से संकल्प-नशामुक्त बासौदा कार्यक्रम का आयोजन किया गया



सौरभ सिंघई जिला ब्युरो विदिशा

गंजबासौदा में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत विदिशा पुलिस द्वारा आयोजित संवाद से संकल्प-नशामुक्त बासौदा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस महानिरीक्षक भोपाल (देहात जोन रुचि वर्धन मिश्र) उप पुलिस महानिरीक्षक भोपाल (देहात) राजेश सिंह चंदेल, पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहें। कार्यक्रम का उद्देश्य नशे के दुष्प्रभावों के प्रति समाज को जागरूक करना, युवाओं को नशे से दूर रखने के प्रभावी उपायों पर संवाद करना तथा नशा मुक्त समाज के निर्माण जनभागीदारी को प्रोत्साहित करना रहा। इस संवाद कार्यक्रम में विधायक हरिसिंह रघुवंशी, पूर्व विधायक निशंक कुमार जैन, नगरपालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू देवेन्द्र रघुवंशी, नपा सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव सहित अनेक जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

वी/ओ- कार्यक्रम में नशे के दुष्प्रभावों तथा व्यक्ति, परिवार और समाज पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों पर चर्चा की गई। युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने के लिए जागरूकता, निरंतर संवाद और सकारात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। साथ ही नशे की अवैध बिक्री एवं तस्करी पर प्रभावी रोक लगाने में नागरिकों की सक्रिय भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए नशे से संबंधित अवैध गतिविधियों की सूचना पुलिस को देने की अपील की गई। एसपी रोहित काशवानी ने बताया कि नशे के खिलाफ विदिशा जिले में लगातार ठोस कार्रवाई की जा रही है। वहीं पुलिस अधीक्षक ने एक मोबाइल नंबर सार्वजानिक करते हुए, नशे से जु? मामले साझा करने की बात कही और कहा कि इस नंबर पर सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस महानिरीक्षक रुचि वर्धन मिश्र ने कहा कि नशा देश के युवाओं को खोखला करने की अंतर्राष्ट्रीय साजिश है। जिससे देश की जड़े कमजोर हो रही हैं। वहीं %तनाव मुक्त मध्यप्रदेश स्वस्थ तन, प्रसन्न मन, चेहरे पर मुस्कान% की अवधारणा पर प्रकाश डालते हुए हार्ट फुलनेस ध्यान के महत्व की जानकारी साझा की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी सहभागियों ने सामूहिक प्रयासों से बासौदा को नशामुक्त बनाने तथा समाज में जागरूकता का वातावरण तैयार करने का संकल्प भी लिया

27व ओबीसी आरक्षण की लड़ाई होगी तेज, नवंबर में भारत बंद का ऐलान

हाईकोर्ट के फैसले के बाद ओबीसी महासभा ने खोला मोर्चा, राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

फोटो



बालाघाट। मध्यप्रदेश में ओबीसी आरक्षण का मुद्दा एक बार फिर गरमा गया है। 27 प्रतिशत आरक्षण को लेकर मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के हालिया निर्णय के बाद ओबीसी महासभा ने प्रदेशव्यापी आंदोलन का शंखनाद कर दिया है। गुरुवार को महासभा के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा और सरकार से 27 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करने के लिए ठोस कानूनी कदम उठाने की मांग की। महासभा ने स्पष्ट किया कि मांगों पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को प्रदेश से लेकर देशव्यापी स्तर तक ले जाया जाएगा। संगठन ने नवंबर में भारत बंद का आह्वान करने की चेतावनी भी दी है।

आरक्षण से लेकर जातिगत जनगणना तक उठाई आवाज

ओबीसी महासभा ने अपने ज्ञापन में 27 प्रतिशत आरक्षण लागू करने, जनगणना में ओबीसी के लिए अलग कॉलम जोड़ने और जातिगत जनगणना कराने की मांग प्रमुखता से उठाई। संगठन ने कहा कि ओबीसी वर्ग को उसकी जनसंख्या के अनुपात में प्रतिनिधित्व और अवसर मिलना चाहिए। इसके लिए सरकार को प्रभावी कानूनी प्रावधान तैयार करने के साथ संवैधानिक प्रक्रिया के तहत आरक्षण संबंधी प्रावधानों को संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल कराने की दिशा में भी पहल करनी चाहिए।

2019 से कानूनी दांव-पेच में फंसा है मामला

महासभा के अनुसार, वर्ष 2019 में ओबीसी आरक्षण को 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत करने की प्रक्रिया शुरू हुई थी। इसके बाद मामला न्यायालय में पहुंच गया और लंबे समय से कानूनी प्रक्रिया में उलझा हुआ है। महासभा का आरोप है कि हालिया न्यायालयीन निर्णय के बाद 27 प्रतिशत आरक्षण की मांग कर रहे युवाओं और अभ्यर्थियों की चिंता बढ़ गई है। संगठन ने सरकार से न्यायालय के फैसले के विरुद्ध उपलब्ध कानूनी विकल्पों पर तत्काल विचार कर सर्वोच्च न्यायालय में प्रभावी पैरवी करने की मांग की है।

सरकार बनाए नया कानून, आंकड़ों के आधार पर हो पैरवी

ओबीसी महासभा ने मांग की कि यदि मौजूदा कानूनी प्रावधानों में कोई कमी है तो सरकार संवैधानिक प्रक्रिया के अनुरूप उसे दूर करे। वरिष्ठ संवैधानिक विशेषज्ञों से परामर्श लेकर अद्यतन और प्रमाणित आंकड़ों के आधार पर आरक्षण का मजबूत कानूनी आधार तैयार किया जाए। संगठन ने केंद्र सरकार के समक्ष भी आवश्यक प्रस्ताव रखने और संविधान की नौवीं अनुसूची में संबंधित प्रावधान शामिल कराने के लिए नियमानुसार प्रक्रिया शुरू करने की मांग की।

भर्ती परीक्षाओं और नियुक्तियों पर मांगा जवाब

महासभा ने वर्ष 2019 से अब तक 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण से संबंधित भर्ती परीक्षाओं, चयन सूचियों, नियुक्तियों और लंबित परीक्षा परिणामों की स्थिति सार्वजनिक करने की मांग की है। संगठन के मुताबिक, मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, कर्मचारी चयन मंडल और अन्य भर्ती एजेंसियों को प्रभावित अभ्यर्थियों के संबंध में स्पष्ट जानकारी देनी चाहिए। साथ ही न्यायालय के निर्णय और लागू कानून के दायरे में रहते हुए अभ्यर्थियों के हितों की रक्षा के लिए उचित कानूनी उपाय तलाशे जाने चाहिए।

सरकार ने मजबूती से नहीं रखा ओबीसी का पक्ष - सौरभ लोधी

ओबीसी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ लोधी ने कहा कि 27 प्रतिशत आरक्षण, जातिगत जनगणना और जनगणना में ओबीसी का अलग कॉलम जोड़ने की मांग को लेकर चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि न्यायालय में सरकार की ओर से ओबीसी का पक्ष मजबूती से नहीं रखा गया और पर्याप्त आंकड़े प्रस्तुत नहीं किए गए। उनका कहना है कि सरकार को आरक्षण के कानूनी पक्ष की गंभीरता से समीक्षा कर प्रभावी कार्रवाई करनी चाहिए। सौरभ लोधी ने कहा कि मांगों को लेकर महासभा सड़क पर उतरकर आंदोलन करेगी और जरूरत पड़ने पर संघर्ष को और व्यापक बनाया जाएगा।

1.87 लाख युवाओं के प्रभावित होने का दावा

महासभा के जिला उपाध्यक्ष प्रशांत मोहारे ने दावा किया कि आरक्षण के मुद्दे पर लिए गए निर्णय से करीब 1 लाख 87 हजार युवा प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने ओबीसी वर्ग को उसका अधिकार दिलाने के लिए न्यायालय में पर्याप्त प्रभावी पैरवी नहीं की। प्रशांत मोहारे ने कहा कि यदि पूर्व में लागू किए गए प्रावधानों में कोई कमी थी तो सरकार को उसे दूर करने की पहल करनी चाहिए थी। उन्होंने आरोप लगाया कि इससे ओबीसी वर्ग के युवाओं के भविष्य पर प्रतिकूल असर पड़ा है।

नवंबर में भारत बंद की तैयारी

प्रशांत मोहारे ने कहा कि ओबीसी महासभा आरक्षण के समर्थन में चरणबद्ध आंदोलन को आगे बढ़ाएगी। नवंबर में भारत बंद का आह्वान कर देशभर में आंदोलन करने की तैयारी है। महासभा का कहना है कि 27 प्रतिशत आरक्षण का सवाल केवल सरकारी नौकरियों या प्रतिशत तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सामाजिक न्याय, समान अवसर और प्रतिनिधित्व से जुड़ा विषय है। संगठन ने मांग पूरी होने तक लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष जारी रखने की बात कही।

बालाघाट की भंडारे वाली माता जी, 28 वर्षो से जारी है भंडारा





बालाघाट। शारदेय नवरात्र का यह त्योहार न सिर्फ मां दुर्गा की प्रतिमा को पंडाल में विराजित कर उनके प्रति आस्था प्रकट करने का है, बल्कि यह त्योहार सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के साथ ही भूखे को भरपेट खिलाने का भी है। कुछ ऐसा ही उदाहरण बालाघाट जिला मुख्यालय के सरस्वती नगर राधा कृष्णनन चौक पर मां दुर्गा को विराजित करने वाली विजय दुर्गा उत्सव समिति कर दिखा रही है, और उनके इस प्रयास को लोगों ने भंडारे वाली माता नाम दिया है।

महज 25 किलो से हुई थी शुरुआत, अब चार क्विंटल का होता है, भंडारा

मां दुर्गा की प्रतिमा की स्थापना कर पूजा-अर्चना कर सिलसिला विजय दुर्गा उत्सव समिति का करीब 28 वर्षो से अनवरत जारी है, करीब दस वर्ष पूर्व समिति के पदाधिकारियों के बीच ये देखने को आया कि बहुत से स्थानों पर लोग मां का प्रसाद ग्रहण करने के दौरान पंगत उठने पर खाली पेट ही उठ जाता है, और दोबारा से प्रसाद ग्रहण करने का प्रयास करते है, वहीं ऐसे भी लोग बड़ी संख्या में है, जो भूखे है। ऐसे में करीब 10 वर्ष पूर्व समिति ने जब तक पेट व मन न भरे तब तक भोजन कराने की मन में ठानी और करीब 25 किलो भंडारा की शुरुआत हुई ओर देखते ही देखते मददगार भी सामने आए और अब स्थिति ये कि रोजाना ही दो से ढाई हजार लोग भंडारा का सेवन कर रहे है। वहीं अब ये भंडारा चार क्विंटल तक पहुंच गया है।

सामाजिक समरसमता बढ़ावा देने देते है, घर-घर आटा

भंडारे वाली माता के समिति के पदाधिकारी भंडारा के आयोजन के दौरान इस बात का भी विशेष ध्यान रखते है कि इस पुण्य कार्य में सभी वर्ग अपनी भूमिका निभा सके इसके लिए भंडारा की शुरुआत के दिन से ही समिति आसपास के हर घरों में एक-एक किलो आटा भिजवाते है, और फिर ये लोग आटा की रोटी बनाकर समिति को उपलब्ध कराते है, जिससे भंडारा में परोसा जाता है।

42 से 45 हजार के खर्च की होती है, पूर्ति

विजय दुर्गा उत्सव समिति के अध्यक्ष वैभव कश्यप ने बताया कि मां दुर्गा की कृपा कुछ ऐसी है कि लोग स्वयं से ही बढ़चढ़कर इस पुनीत कार्य में अपनी भूमिका निभा रहे है, यहां भंडारा में रोजाना ही 40 से 45 हजार का खर्च आता है, जो सहजता से ही पूर्ण हो जाता है, सिर्फ वार्ड क्रमांक 28 0 30 के ही भक्त नहीं बल्कि पूरे नगरीय क्षेत्र के भक्त अपनी भूमिका का निवर्हन कर रहे है, कोई आटा,दाल, चावल, सब्जी सहित अन्य सामग्री उपलब्ध कराता है, तो कोई आर्थिक सहयोग करता है।

आसपास की महिला भी निभाती है, अपनी भूमिका

चार क्विंटल से अधिक का भंडारा बनाने में आर्थिक व्यय के साथ ही श्रमदान की आवश्यकता होती है, ऐसी परिस्थिति में समिति क्षेत्र की आसपास की महिलाएं भी अपनी भूमिका निभाती है, और श्रमदान कर भंडारा के निर्माण में मदद करती है।वहीं खाना बनाने व साफ-सफाई करने की जिम्मेदारी 8 से 9 लोगों की टीम निभाती है, इस बात का भी ध्यान रखा जाता है, कि प्लास्टिक का उपयोग बिल्कुल भी न हो। शाम सात बजे से रात 11.30 बजे तक चलने वाले भंडारा का ग्रहण करने के लिए लोग लाइन लगाकर इंतजार करते है।

बालाघाट लालबर्रा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत छिंदलई में 37 लाख रुपए के विकास कार्यों की सौगात, विधायक अनुभा मुंजारे ने किया भूमिपूजन एवं लोकार्पण



बालाघाट। ग्राम पंचायत छिंदलई (खैरगांव) में विभिन्न विकास कार्यों के भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में बालाघाट विधानसभा क्षेत्र की विधायक माननीय अनुभा मुंजारे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इस दौरान क्षेत्र में सड़क निर्माण,शासकीय हाईस्कूल की बाउंड्रीवॉल सहित विभिन्न विकास कार्यों की सौगात मिलने से ग्रामीणों में उत्साह का माहौल रहा।

कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम पंचायत छिंदलई के वैनगंगा नहर क्षेत्र स्थित शंकरटोला में राजू पंचेश्वर के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य का विधायक निधि से

तकरीर का प्रोग्राम मस्जिद आयशा में सम्पन्न





जुन्नारदेव। एक दिवसीय तकरीर का प्रोग्राम मस्जिद आयशा में आयोजित हुआ । जिसमें मुख्य वक्ता डॉक्टर मौलाना तारिक सफी उर रहमान मुबारकपुरी मदनी ने अपनी तकरीर में मुस्लिम समाज को अच्छे कर्म करने की समझाइए देते हुए बताया कि कुरआन शरीफ में उल्लेख है कि ऐ ईमान वालो (मुसलमानों) तुम स्वयं और अपने घर वालों को जहन्नुम की आग (नर्क) से बचाओ। ऐसे अच्छे कर्म करो कि आपको जन्नत (स्वर्ग) मिले। आगे उन्होंने कहा कि जहन्नुम का ईंधन इंसान और पत्थर होंगे। जिससे बचने की हर मुसलमान को कोशिश करनी चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता मरकाजी जमीयत अहले हदीस के कोषाध्यक्ष वकील परवेज़ नागपुर ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मर्कजी जमीयत अहले हदीस हिन्द की स्थापना भारत देश में 1915 हुई।आज संपूर्ण भारत देश के हर जगह पर जमीयत अहले हदीस के लोग हैं। यह जमात कुरआन शरीफ के आदेश और पैगंबर मोहम्मद साहब के निर्देशों का अक्षरसा पालन करती हैं। श्री परवेज वकील ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि मुसलमान को सामान्य उच्च शिक्षा और मजहबी शिक्षा बराबर रूप से हासिल करनी चहिए। उन्होंने लड़कियों को शिक्षित कराने के लिए ज्यादा जोर दिया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष मौलाना मोहम्मद सादिक,

मौलाना मोहम्मद आबिद असरी ,मौलाना मोहम्मद आदिल, मौलाना नासिर, मौलाना तौसिफ, हाफिज फारूक, हाफिज अनस, हाजी नूर खान, अब्दुल रउफ, ऐजाज़ खान, मोहम्मद ताहिर, हाजी मोहम्मद रफी, हाजी मोहम्मद शहिद , सैयद गौहर जमाल शाह ,

जामा मस्जिद सदर नाजिम खान, अफरोज आलम, रफीक खान, इनायतुल्लाह, युसुफ तबरेज, मोहम्मद तोकीर, मोहम्मद आकिब,

छोटी बंजारी माता मंदीर मे लग रहा भक्तो का तांता



रामाकोना - रामाकोना से महज 3 किमी की दूरी पर स्थित छोटी बंजारी माता मंदीर मे मनोकामना ज्योति कलश जगमगा रहे है यहां पर प्रतिवर्ष ज्योति कलश की स्थापना की जाती है यहां पर नौ दिनों तक सुबह 6 बजे मातारानी की आरती की जाती है जिसमे भक्त सुभह पैदल चल कर माता रानी के दर्शन करने हजारो की सख्या में आते है और आरती मे शामिल हो रहे है वही दिन व दिन भक्तो की संख्या मे इजाफा होते जा रहा है। वही मंदीर के संचालक विलास चौरागड़े ने बताया की प्रति दिन भक्तो की सख्या में ब ?ोतरी होते जाती है और अष्टमी के दिन यहां पर विशेष आयोजन किये जाते है जिसकी तैयारी पूर्व से ही कि जाति है ।यहां पर 15 अक्टूबर से यहां पर फलाहारी तथा 18 अक्टूबर दिन रविवार को भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

सौसर में 3.76 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन, आधुनिक पार्क को मिलेगा नया स्वरूप



सांसद विवेक बंटी साहू ने पार्क का नाम 'नमो पार्क' रखने का दिया सुझाव, स्वच्छता वीरों का शॉल-श्रीफल से सम्मान

सौसर। नगर पालिका परिषद सौसर द्वारा नगर के सर्वांगीण विकास और नागरिक सुविधाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए वार्ड क्रमांक 12 में गायत्री शक्तिपीठ के पास ?2 करोड़ 99 लाख की लागत से आधुनिक सार्वजनिक पार्क तथा वार्ड क्रमांक 14 में ?77 लाख की लागत से एमआरएफ एवं कंपोस्टिंग केंद्र के निर्माण कार्यों का वैदिक मंत्रोच्चार एवं पूजा-अर्चना के साथ भूमिपूजन किया गया। दोनों विकास कार्यों पर कुल ?3 करोड़ 76 लाख की राशि खर्च की जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद विवेक बंटी साहू उपस्थित रहे, जबकि पूर्व शिक्षा मंत्री नानाभाऊ मोहोड की प्रमुख उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुरेखा इंदरचंद डागा ने की।

नमो पार्क से मिलेगी सौसर को नई पहचान

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद विवेक बंटी साहू ने आधुनिक सार्वजनिक पार्क के निर्माण को सौसर के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थलों का विकास नगर की सुंदरता बढ़ाने के साथ नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने में सहायक होता है। उन्होंने जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए निर्माणाधीन आधुनिक पार्क का नाम 'नमो पार्क' रखने का सुझाव भी दिया। प्रस्तावित पार्क से नगरवासियों, बच्चों और परिवारों को मनोरंजन, सैर-सपाटे तथा स्वस्थ वातावरण के लिए बेहतर स्थान उपलब्ध होने की उम्मीद है।

स्वच्छता व्यवस्था को मिलेगी मजबूती

नगर में स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के अंतर्गत ?77 लाख की लागत से एमआरएफ एवं कंपोस्टिंग केंद्र का निर्माण किया जाएगा। इस केंद्र के माध्यम से ठोस कचरे के पृथक्करण, पुनर्चक्रण तथा जैविक कचरे से खाद तैयार करने की व्यवस्था को मजबूती मिलने की उम्मीद है। आधुनिक पार्क और स्वच्छता परियोजना नगर को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो सकती हैं।

नानाभाऊ मोहोड बोले—नागरिक सुविधाओं का विस्तार प्राथमिकता

पूर्व शिक्षा मंत्री नानाभाऊ मोहोड ने कहा कि नगर का सतत विकास और नागरिकों को सुलभ सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। उन्होंने आधुनिक पार्क और स्वच्छता परियोजनाओं को सौसर के लिए दूरदर्शी पहल बताया। वहीं नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुरेखा इंदरचंद डागा ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में विगत चार वर्षों में नगर में हुए विकास कार्यों तथा प्रस्तावित योजनाओं की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि पेयजल, स्वच्छता, सड़क और अन्य बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए नगर पालिका निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने लगभग ?70 करोड़ के विकास कार्यों का भी उल्लेख किया।

स्वच्छता वीरों का हुआ सम्मान

कार्यक्रम के दौरान सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत बड़नगर मोटरसाइकिल यात्रा में शामिल हुए युवा कार्यकर्ता संजय पराड़कर का सम्मान किया गया। इसके साथ ही नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में योगदान देने वाले स्वच्छता वीरों को शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस पहल के माध्यम से स्वच्छता कर्मियों के योगदान को सराहा गया।

जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं की रही उपस्थिति

इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष जैन, हरीश बतरा, शेषराव आप्पा पोस्ते, यू.सी. जैन, राजू नरोटे, रामकृष्ण वाकोड़े, मोरेश्वर मर्सकोले, नगर पालिका उपाध्यक्ष विनोद जुनघरे, जनपद पंचायत अध्यक्ष संजय भूते, जिला महामंत्री देवेंद्र गायकवाड़, मंडल अध्यक्ष दर्शन झाड़े, पूर्व जिला महामंत्री राहुल मोहोड, खेमराज सोनेकर सहित अन्य जनप्रतिनिधि, पार्षदगण, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, मुख्य नगर पालिका अधिकारी मौसम पालेवार एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

नगर में आधुनिक पार्क और एमआरएफ-कंपोस्टिंग केंद्र के निर्माण से नागरिक सुविधाओं के विस्तार के साथ स्वच्छता व्यवस्था को भी नई दिशा मिलने की उम्मीद है। अब नगरवासियों को इन विकास कार्यों के समयबद्ध निर्माण और सुविधाओं के शीघ्र लाभ मिलने का इंतजार रहेगा।

नगर पालिका ग्राउंड से निकला किसानों का जनसैलाब, किसानों के सम्मान में टूटीं सियासी दीवारें!





पांढुर्णा/ सूखे की मार से परेशान किसानों की आवाज बुलंद करने मंगलवार को पांढुर्णा में किसान अन्नदाता संगठन के नेतृत्व में विशाल रैली निकाली गई। खास बात यह रही कि किसानों के हक की लड़ाई में भाजपा और कांग्रेस के नेता भी साथ नजर आए। किसानों ने जिले को सूखाग्रस्त घोषित करने, ?2 लाख की आर्थिक सहायता, संपूर्ण कर्जमाफी, बिजली बिल माफी और फसल बीमा राशि के शीघ्र भुगतान सहित 10 प्रमुख मांगें उठाईं। ग्रामीण पेयजल संकट, पशुओं के चारे, जंगली जानवरों से सुरक्षा और भुली जलाशय प्रभावित किसानों को समान मुआवजा देने की मांग भी प्रमुखता से रखी गई। मुख्यमंत्री और कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर सरकार को 15 दिन का अल्टीमेटम दिया गया। किसानों ने साफ चेतावनी दी कि मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन, चक्काजाम और उग्र विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। सवाल साफ है—किसानों को राहत कब मिलेगी।

संभाग स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में सांदीपनि विद्यालय के खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



पवन जानभोर और हर्षिका धुर्वे का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन, विद्यालय परिवार ने दी शुभकामनाएं

सौसर। शालेय शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 70वीं संभाग स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में सांदीपनि उत्कृष्ट विद्यालय, सौसर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय एवं क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता का आयोजन 9 एवं 10 अक्टूबर 2026 को जबलपुर व्यायामशाला क्रीड़ा मंडल में किया गया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने छिंदवाड़ा जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए अपनी खेल प्रतिभा, अनुशासन और उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिचय दिया। प्रतियोगिता में 14 वर्ष बालक वर्ग में पवन जानभोर, देवराज सिंह चंदेल, तन्मय सन कुसरे एवं कुणाल बावने ने भाग लिया। वहीं 14 वर्ष बालिका वर्ग में हर्षिका धुर्वे, ऋषिका कोल्हटकर एवं वैष्णवी परतेती ने अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। इसके अलावा 19 वर्ष बालक वर्ग में संयम लोहितकर एवं अशरफ मंसूरी ने प्रतियोगिता में सहभागिता की।

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए दो खिलाड़ियों का चयन

संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर सांदीपनि उत्कृष्ट विद्यालय, सौसर के 14 वर्ष बालक वर्ग से पवन जानभोर तथा 14 वर्ष बालिका वर्ग से हर्षिका धुर्वे का चयन राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता के लिए किया गया है। दोनों खिलाड़ियों के चयन से विद्यालय परिवार एवं क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर सांदीपनि उत्कृष्ट विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती शैलजा बत्रा, उपप्राचार्य श्री संजय गवनेकर, खेल शिक्षक श्री दर्शन बाविस्टाले, खेल शिक्षिका श्रीमती वंदना देशभरतार सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने चयनित खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। विद्यालय परिवार ने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आशा व्यक्त की कि वे राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं जिले का नाम रोशन करेंगे।

खिलाड़ियों की इस सफलता को उनकी मेहनत, लगन और खेल शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम माना जा रहा है।

शरद पूर्णिमा पर छिंदवाड़ा में सजेगी विशेष रामलीला: 'अयोध्या लौटे श्रीराम' का होगा भव्य मंचन, पटकथा का हुआ विमोचन



छिंदवाड़ा/श्री रामलीला मंडल, छिंदवाड़ा% के 138वें ऐतिहासिक महोत्सव के अंतर्गत इस वर्ष शहरवासियों के लिए एक विशेष और भव्य आयोजन जुड़ने जा रहा है। दशहरे के दिन मुख्य रामलीला के औपचारिक समापन के उपरांत, प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर एक दिवसीय विशेष लीला का मंचन किया जाएगा।

श्री रामलीला मंडल के संरक्षक श्री कस्तूरचंद जैन जी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष शरद पूर्णिमा के शुभ अवसर पर 卐अयोध्या लौटे श्रीराम卐 शीर्षक से विशेष सांस्कृतिक एवं भक्तिमय लीला का मंचन किया जाएगा। इस अद्वितीय मंचन की नवनिर्मित पटकथा का विधिवत विमोचन भी कर दिया गया है। मंडल के संरक्षक ने बताया कि इस विशेष मंचन का कुशल निर्देशन स्वयं श्री रामलीला मंडल के अध्यक्ष श्री अरविंद राजपूत जी द्वारा किया जाएगा। वहीं, इस भक्तिमय लीला की मूल पटकथा का लेखन शशांक दुबे ने किया है, जिसमें दिवस दुबे एवं रजत पांडे का विशेष सह-लेखन और रचनात्मक सहयोग रहा है।

दशहरे के उपरांत शरद पूर्णिमा पर आयोजित होने वाले इस एक दिवसीय विशेष मंचन को लेकर शहर के श्रद्धालुओं और कलाप्रेमियों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। मंडल के पदाधिकारियों ने सभी धर्मप्रेमी जनता से इस पावन आयोजन में उपस्थित होकर श्रीराम के अयोध्या आगमन के अलौकिक प्रसंग का आनंद लेने का आह्वान किया है।

चंद्रज्योत के बीज खाने से मां और दो बेटों की बिगड़ी तबीयत, सिविल अस्पताल में भर्ती



रामाकोना। रामाकोना के समीपस्थ ग्राम रामपेठ में चंद्रज्योत के बीज खाने से एक ही परिवार के तीन लोगों की तबीयत अचानक बिगड़ गई। पीड़ितों में मां और उसके दो बेटे शामिल हैं। समय रहते मिले प्राथमिक उपचार और अस्पताल पहुंचाए जाने के बाद अब तीनों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम रामपेठ निवासी मां अर्चना और उसके दो बेटों में शैलेष, देवांशी ने घर पर ही चंद्रज्योत के बीज खा लिए थे। इसके कुछ ही देर बाद तीनों को उल्टी, चक्कर और घबराहट की शिकायत होने लगी। परिजनों ने स्थिति बिगड़ती देख तुरंत उन्हें स्थानीय रामपेठ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

स्वास्थ्य कर्मी राजू खंडाइत, पूजा चौहान ने तत्परता दिखाते हुए प्राथमिक उपचार के पश्चात तीनों को तत्काल सिविल अस्पताल सौंसर रेफर कराया और सुरक्षित अस्पताल पहुंचाया। सिविल अस्पताल में पदस्थ डॉक्टरों की निगरानी में तीनों का सघन उपचार जारी है। बिएमओ रुपेश बोकडे के अनुसार फिलहाल तीनों की स्थिति सामान्य और खतरे से बाहर है

कलेक्टर श्री नारायन की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग, जनजातीय कार्य विभाग एवं सर्व शिक्षा अभियान की संयुक्त समीक्षा बैठक संपन्न



छिंदवाड़ा/शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने फील्ड अधिकारियों द्वारा स्कूलों के औचक निरीक्षण पर जोर

सभी बीईओ, बीआरसी को मुख्यालय पर अनिवार्य रूप से निवास करने और सक्षम अधिकारी की अनुमति उपरांत ही मुख्यालय छोड़ने के निर्देश

कार्यों में लगातार लापरवाही पर परासिया बीईओ और बीआरसी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही के निर्देश

जिले के शासकीय विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता को और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन ने बुधवार को शिक्षा विभाग, जिला शिक्षा केंद्र एवं जनजातीय कार्य विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में ली। बैठक में सहायक आयुक्त जनजातीय कार्यविभाग श्री एस.एस. मरकाम, जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना समन्वयक श्री जे.के. इड़पाचे सहित सहायक संचालक शिक्षा, सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारी, सभी बीआरसी और बीएसी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री नारायन ने जिले में शैक्षणिक गतिविधियों, अपार आईडी निर्माण, शिक्षकों की ई - अटेंडेंस, अनुसूचित जाति, जनजाति विद्यार्थियों का एमपी टास पंजीयन, छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता राशि वितरण, सीएम हेल्पलाइन, अनुकम्पा नियुक्ति, पेंशन प्रकरण सहित विभिन्न एजेंडा बिंदुओं की विकासखंडवार विस्तृत समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए

लापरवाहों पर कड़ी कार्यवाही के निर्देश कलेक्टर श्री नारायन ने कहा कि सरकारी स्कूलों की शैक्षणिक गुणवत्ता बेहतर करने के उद्देश्य से ही बीईओ, बीआरसी, बीएसी, जनशिक्षक जैसे पद बनाए गए हैं। स्कूलों का नियमित निरीक्षण और शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित कराना इनका पदीय दायित्व है, इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शैक्षणिक संस्थाओं से जुड़े सभी फील्ड अधिकारी अनिवार्य रूप से अपने मुख्यालय पर निवास करें और सक्षम अधिकारी की अनुमति उपरांत ही मुख्यालय से बाहर जाएं। उन्होंने पदीय दायित्वों के निर्वहन में लगातार लापरवाही बरतने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के बाद भी सुधार न दिखने पर कड़ी नाराजगी जताई एवं बीईओ और बीआरसी परासिया के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी और जिला परियोजना समन्वयक को दिये।

गंभीरता से कराएं अपार आईडी एन्ट्री का कार्य बैठक में कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों की अपार आईडी निर्माण में प्रगति की भी समीक्षा की गई। प्रस्तुत डाटा में विसंगति पाए जाने पर कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर की और पोर्टल से वास्तविक डेटा प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि विद्यार्थियों की अपार आईडी क्रिएशन का कार्य बहुत महत्वपूर्ण है, सभी बीईओ, बीआरसी इस कार्य की गंभीरता को समझें। उन्होंने सभी विकासखण्डों को शत - प्रतिशत अपार आई डी क्रिएशन का कार्य गति के साथ पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री नारायन ने ली जिला सहकारी विकास समिति की बैठक



छिन्दवाड़ा/ कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन की अध्यक्षता में आज कलेक्टर कार्यालय के मिनी सभाकक्ष में जिला सहकारी विकास समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में अपर कलेक्टर श्री धीरेन्द्र सिंह, उप संचालक कृषि श्री मोरिस नाथ, जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड श्रीमती श्वेता सिंह, महाप्रबंधक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक श्री राजेश रेकवार, उप आयुक्त सहकारिता छिंदवाड़ा श्री एन.डी. कटरे एवं समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

बैठक में सर्वप्रथम जिला सहकारी विकास समिति की भूमिकाएँ एवं जिम्मेदारियों पर चर्चा हुई, तत्पश्चात सहकारिता में सहकार अभियान के तहत केन्द्र एवं राज्य शासन के निर्देशों पर चल रही विभिन्न गतिविधियों एवं क्रियाकलापों पर चर्चा की गई और समिति सदस्यों से सुझाव लिये गये।

कलेक्टर श्री नारायन ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित छिंदवाड़ा को निर्देश दिये कि सहकारिता में सहकार अभियान अंतर्गत दुग्ध एवं मत्स्य समितियों एवं सदस्यों तथा अन्य सहकारी समितियों के खाते जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की शाखाओं में खोलने एवं संचालित करने के लिए सभी शाखा प्रबंधकों को निर्देशित करें। उन्होंने उप आयुक्त सहकारिता को निर्देश दिये कि जिले की पंजीकृत दुग्ध एवं मत्स्य सहकारी समितियों तथा अन्य सहकारी समितियों के अध्यक्षों से व्यक्तिगत चर्चा कर उनके संस्थाओं के पंजीकृत सदस्यों के खाते, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की शाखाओं मे खुलवाएं।

साधु वेश बनाकर रावण ने किया जानकी का हरण श्री राम ने किया स्वर्ण मृग बने मारीच का अंत



छिंदवाड़ा / स्थानीय श्रीरामलीला मंच छोटी बाड़ार में चल रही श्रीरामलीला का मंचन देखने के लिए दिन प्रतिदिन लोगो की संख्या में वृद्धि हो रही है। इस वर्ष आकर्षक साज सज्जा एवं आधुनिक संसाधनों के साथ किये जा रहे मंचन से नगर में श्री रामलीला को लेकर नया उत्साह दिखाई पड़ रहा है। वरिष्ठ कलाकार एवं संरक्षक विजय आनंद दुबे ने बताया कि खर दूषण की मृत्यु का समाचार लेकर शूर्पणखा रावण के पास पहुँचती है एवं सम्पूर्ण वृत्तांत बताती है। यह सूचना रावण को मिलते ही रावण तिलमिला जाता है, युक्ति की खोज में रावण मारीच के पास पहुंचता है और उस पर दबाव बनाता है कि अगर वह श्री राम के पास स्वर्ण मृग बनकर नहीं जाएगा तो रावण उसका वध कर देगा। धर्म संकट में पड़े मारीच को श्रीराम के हाथों मोक्ष प्राप्त करना ही उचित लगता है और वह रावण की बात मानकर पंचवटी की ओर स्वर्णमृग बनकर निकल जाता है। मारीच के स्वर्ण मृग बनकर आते ही सीता मां उल्लासित हो जाती हैं और श्री राम को उसे पकड़ लाने के लिए कहती हैं श्री राम हिरण के पीछे पीछे जाने से पहले लक्ष्मण को कुटिया के पास ही ठहरने की आज्ञा देते हैं। जिस वक्त श्रीराम हिरण को पकड़कर लाने का प्रयास करते हैं मारीच श्री राम की आवाज में लक्ष्मण को सहायता के लिए पुकारता है। माता सीता की आज्ञा से लक्ष्मण एक रेखा खींचकर श्री राम की सहायता को ढूंढने निकल पड़ते हैं, कुटिया में सीता माता को अकेला पाकर रावण साधु का छद्म रूप धरकर कुटिया में भिक्षा मांगने आ जाता है, जब सीता माता भिक्षा के लिए भोजन एकत्रित करने कुटिया के अंदर जाती हैं तब रावण रेखा को पार करने की नाकाम कोशिश करता है और अग्नि से झुलसते हुए बचता है उसे समझ आ जाता है कि यहां जरूर कोई माया रची गई है वो सीता माता को कुटिया के परिक्षेत्र से बाहर आकर भिक्षा देने की बात पर उन्हें मना लेता है, सीता माता जैसे ही बार आती है रावण अपना असली रूप धरकर सीता माता को हरण करके लंका की ओर ले जाता है रास्ते में जटायु से युद्ध होने पर जटायु के दोनों पर काट देता है, श्री राम लौटकर सीता के वियोग में तड़पते हैं, सीता माता को ढूंढते ढूंढते जटायु तक पहुंचते हैं जटायु का अंतिम संस्कार करते है।

छिंदवाड़ा की सियासत में हलचल- भाजपा में बगावत के सुर, अमित सक्सेना ने की कमलनाथ की तारीफ; क्या घर वापसी की तैयारी।



छिंदवाड़ा/

कमलनाथ के सियासी गढ़ छिंदवाड़ा में राजनीतिक समीकरण एक बार फिर तेजी से बदलते दिख रहे हैं। सूखे और फसल बर्बादी के मुद्दे पर अपनी ही सरकार व प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोलने वाले जिला पंचायत उपाध्यक्ष और भाजपा नेता अमित सक्सेना के ताजा बयानों ने राजनीतिक पारे को सातवें आसमान पर पहुंचा दिया है। प्रशासन के आंकड़ों को झूठा बताकर हजारों किसानों के साथ कलेक्ट्रेट का घेराव करने वाले अमित सक्सेना ने न सिर्फ अपनी पार्टी की नीति पर सवाल उठाए, बल्कि पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के विकास और किसान हितैषी कार्यों की खुलकर तारीफ कर दी है।

कमलनाथ के दौर में किसान कभी बेबस नहीं हुआ

कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन के दौरान और मीडिया से बातचीत में अमित सक्सेना के बदले तेवर साफ नजर आए। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के कार्यकाल को याद करते हुए कहा कि उनके दौर में किसानों की समस्याओं की अनदेखी नहीं होती थी और राहत सीधे खेत तक पहुंचती थी। एक भाजपा नेता द्वारा खुले मंच से कमलनाथ के काम की सराहना करना राजनीतिक गलियारों में बड़े बदलाव का संकेत माना जा रहा है।

राशिद खान के बयान से जुड़े तार- %घर वापसी% की चर्चाएं तेज

अमित सक्सेना की इस बगावत को छिंदवाड़ा जिला कांग्रेस कमेटी के श्रम विभाग के अध्यक्ष राशिद खान के उस हालिया बयान से जोड़कर देखा जा रहा है, जिसमें उन्होंने दावा किया था-जो लोग किसी कारणवश भाजपा में चले गए थे, वे अब वहां घुटन महसूस कर रहे हैं। छिंदवाड़ा में बहुत जल्द कई बड़े चेहरे कांग्रेस में घर वापसी की तैयारी में हैं।

राशिद खान के इस दावे के ठीक बाद अमित सक्सेना का प्रशासन के खिलाफ सड़क पर उतरना, भाजपा के रुख से अलग हटकर आंदोलन करना और कमलनाथ की तारीफों के पुल बांधना महज इत्तेफाक नहीं माना जा रहा।

?भाजपा में असहजता, कांग्रेस की टकटकी

दीपक सक्सेना परिवार से जुड़े अमित सक्सेना का यह आक्रामक रुख भाजपा संगठन के लिए बड़ी असहजता पैदा कर रहा है। एक तरफ किसान फसलों के नुकसान और मुआवजे को लेकर आक्रोशित हैं, वहीं सत्ताधारी दल के प्रमुख जनप्रतिनिधि का अपनी ही सरकार के आंकड़ों को गलत करार देकर पूर्व मुख्यमंत्री की सराहना करना इस बात की तस्दीक करता है कि छिंदवाड़ा में अंदरूनी असंतोष गहरा चुका है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यदि जल्द ही किसानों की मांगों और संगठनात्मक मतभेदों का हल नहीं निकला, तो राशिद खान का दावा सच साबित हो सकता है और जिले में भाजपा नेताओं की कांग्रेस में घर वापसी की नई लहर देखने को मिल सकती है

अघोषित बिजली कटौती के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिछुआ ने सौंपा ज्ञापन



बिछुआ/ बिछुआ आदिवासी विकासखंड में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, पूर्व सांसद नकुलनाथ, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे एवं विधायक सुजित सिंह चौधरी के दिशा-निर्देश पर छिंदवाड़ा जिले के बिछुआ विकासखंड में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिछुआ द्वारा अघोषित बिजली कटौती के विरोध में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) चौरई के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

इस दौरान कांग्रेसजनों ने क्षेत्र में हो रही अघोषित बिजली कटौती पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि बिजली की अनियमित आपूर्ति से आम नागरिकों, किसानों, व्यापारियों, विद्यार्थियों एवं घरेलू उपभोक्ताओं को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली कटौती से दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है तथा कृषि कार्यों और छोटे व्यवसायों पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने मांग की है कि क्षेत्र में बिजली आपूर्ति व्यवस्था को सुचारु बनाया जाए अघोषित बिजली कटौती पर तत्काल रोक लगाई जाए तथा उपभोक्ताओं को नियमित और निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। साथ ही संबंधित विभाग द्वारा समस्या का शीघ्र निराकरण कर आम जनता को राहत प्रदान की जाए।

ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रमुख रूप से उपस्थित रहे

ब्लॉक कांग्रेस समन्वयक अतरलाल कुमरे, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिछुआ अध्यक्ष पृथ्वीराज सिंह ठाकुर, ब्लॉक कांग्रेस महासचिव विपिन कुमार उईके, नगर कांग्रेस कमेटी खमारपानी अध्यक्ष प्रकाश उईके, ब्लॉक कांग्रेस कामगार-कर्मचारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष राजेश धुर्वे, युवा नेता राहुल डेहरिया, शंकर इनवाती, सुरेश कुमारे, रामेश्वर उईके सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिछुआ ने स्पष्ट किया कि जनता की समस्याओं किसानों के हितों और क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं के लिए कांग्रेस पार्टी सदैव आवाज उठाती रहेगी। अघोषित बिजली कटौती की समस्या का शीघ्र समाधान नहीं होने पर जनहित में आगे भी लोकतांत्रिक तरीके से आवाज बुलंद की जाएगी।

सिंहराज भी माता के दरबार में आते माथा टेकने



रामाकोना,,रामाकोना से महज 9 किमी की दूरी पर स्थित ब?ी बंजारी माता मंदिर जो कि काफी प्रसिद्ध मंदिर है क्यों कि इस मन्दिर कई लोगो की मनोकामना पूरी होती है । यह मंदिर नागपुर छिंदवा ?ा मार्ग पर स्थित है । यह मंदिर काफी पुराना मंदिर है । यहां पर नवरात्रि × चैत्र नवरात्रि में काफी रमणीय माहौल रहता है इस मंदिर में वर्ष भर भक्तो की भी? तो रहती है परंतु विशेष अवसरों पर यहां भक्ति की गंगा बहती है

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आमला पंचायत के अंतर्गत आने वाली सिलवानी घाटी के प्रारंभ पर बंजारों के द्वारा मां भगवती जगत जननी मां बंजारी की प्रतिमा स्थापना की गई थी, माता के मंदिर के बाद ही यहां से विशाल सिलवानी घाट प्रारंभ होता है इस मार्ग से गुजरने वाला हर यात्री हर वाहन माता के दर्शन के बाद ही यह घाट की चढ़ाई करता है कहा जाता है कि जो वाहन माता के मंदिर में माथा टेककर आगे बढ़ता है वह सुख रूप

अपनी यात्रा की और पहुंचता है, मंदिर कमेटी से जुड़े सदस्यों ने बताया कि बंजारों के द्वारा स्थापित इस प्रतिमा में बहुत शक्ति है, पूर्वजों के अनुसार नवरात्र के दौरान मां बंजारी की पूजा अर्चना करने के लिए शेर भी यहां आकर माता के चरणों में माथा टेकते थे, वर्तमान में भी यहां पर प्रदेश के अलावा महाराष्ट्र से बड़ी संख्या में माता के भक्तों आकर मुरादे मांगते हैं,

चारधाम यात्रा पूर्ण कर सौसर लौटे भाजपा जिलाध्यक्ष संदीप मोहोड









पत्नी दर्पणा मोहोड के साथ किए चारों धामों के दर्शन, जनसेवा के संकल्प को और मजबूत करने की मिली प्रेरणा

सौसर। भारतीय जनता पार्टी जिला पांढुर्णा के जिलाध्यक्ष संदीप मोहोड अपनी धर्मपत्नी दर्पणा मोहोड के साथ देवभूमि उत्तराखंड की पावन चारधाम यात्रा पूर्ण कर सौसर स्थित अपने निवास लौट आए। यात्रा के दौरान उन्होंने यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ एवं बद्रीनाथ धाम पहुंचकर दर्शन-पूजन किया तथा सभी के सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और कल्याण की कामना की।

चारधाम यात्रा पूर्ण होने के बाद संदीप मोहोड ने कहा कि चारों पवित्र धामों के दर्शन उनके लिए सौभाग्य और आध्यात्मिक आनंद का विषय रहे। इस पावन यात्रा के दौरान उन्हें आत्मिक शांति, संतोष और नई सकारात्मक ऊर्जा की अनुभूति हुई। उन्होंने भगवान के श्रीचरणों में प्रार्थना करते हुए सभी के सुखमय जीवन और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

धार्मिक आस्था के साथ सेवा और समर्पण की प्रेरणा

संदीप मोहोड ने कहा कि सनातन संस्कृति में तीर्थयात्राओं का विशेष महत्व है। ये यात्राएं धार्मिक आस्था को मजबूत करने के साथ जीवन में सेवा, समर्पण, सद्भाव और मानव कल्याण के मूल्यों को आत्मसात करने की प्रेरणा देती हैं। चारधाम की पावन भूमि पर प्राप्त आध्यात्मिक अनुभूति सदैव स्मरणीय रहेगी और अपने दायित्वों का निर्वहन सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ करने की प्रेरणा देती रहेगी।

उन्होंने कहा कि भगवान बद्रीविशाल, बाबा केदारनाथ, मां गंगा एवं मां यमुना की कृपा समस्त पांढुर्णा जिले, मध्यप्रदेश और देशवासियों पर बनी रहे। हर परिवार में सुख-शांति और समृद्धि हो, प्रत्येक व्यक्ति स्वस्थ रहे तथा समाज में प्रेम, भाईचारे और आपसी सद्भाव की भावना निरंतर मजबूत होती रहे, यही उनकी कामना है।

संदीप मोहोड ने कहा कि जनसेवा और समाजहित के कार्यों में समर्पित रहना जीवन का महत्वपूर्ण दायित्व है। चारधाम यात्रा के दौरान प्राप्त आध्यात्मिक ऊर्जा और प्रभु के आशीर्वाद से वे अपने सामाजिक एवं संगठनात्मक दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, प्रतिबद्धता और सेवाभाव से करते रहने के लिए प्रेरित हुए हैं। सौसर लौटने पर उन्होंने अपनी धर्मपत्नी दर्पणा मोहोड के साथ समस्त जिलेवासियों के मंगलमय जीवन की कामना करते हुए सभी पर ईश्वर की कृपा बनी रहने की प्रार्थना की।

ग्राम सायरा के किसानों की बिजली समस्या को लेकर कार्यपालन अभियंता सौसर के कार्यालय में मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव सोपान कोहले ने किसानों के साथ किया धरना प्रदर्शन, अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाने तथा वोल्टेज बढ़ाने का आश्वासन



रामाकोना/ सायरा,,,ग्राम सायरा में बिजली की बार-बार ट्रिपिंग, कम वोल्टेज और पर्याप्त बिजली आपूर्ति नहीं होने से परेशान किसानों की समस्याओं को लेकर आज मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव सोपान कोहले के नेतृत्व में किसानों ने कार्यालय कार्यपालन अभियंता, विद्युत विभाग सौसर में लगभग एक घंटे तक धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान किसानों ने जमकर नारेबाजी करते हुए सिंचाई के लिए दिन में पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराने की मांग की।

फीडर बदलने और अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाने की मांग

किसानों ने बताया कि ग्राम सायरा में बिजली की समस्या के कारण फसलों की सिंचाई प्रभावित हो रही है। वर्तमान में बारिश कम होने से किसानों को सिंचाई के लिए बिजली की अत्यधिक आवश्यकता है। गांव में स्थापित दो ट्रांसफार्मरों पर क्षमता से अधिक भार होने के कारण बार-बार बिजली ट्रिपिंग और कम वोल्टेज की समस्या बनी हुई है।

किसानों ने मांग की कि सायरा को उटीकाटा फीडर से अलग कर सौसर फीडर से जोड़ा जाए, वोल्टेज की समस्या दूर की जाए तथा अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाया जाए, ताकि किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली मिल सके।

धरना प्रदर्शन के दौरान सहायक अभियंता सौसर श्री जितेन्द्र सैनी ने दूरभाष पर कांग्रेस नेता सोपान कोहले की बात डीई श्री धुर्वे से कराई। इस दौरान वोल्टेज की समस्या दूर करने और अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाने का आश्वासन दिया गया।

एसडीएम सौसर से भी मिले किसान, समस्या के निराकरण के निर्देश

धरना प्रदर्शन के पश्चात सोपान कोहले के नेतृत्व में किसानों ने सौसर एसडीएम श्री सिद्धार्थ पटेल से उनके कार्यालय में मुलाकात कर बिजली समस्या से अवगत कराया। एसडीएम श्री पटेल ने तत्काल दूरभाष पर डीई श्री धुर्वे से चर्चा की तथा किसानों की समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए।

अपनी फसलों की सिंचाई के लिए परेशान होना पड़े, यह दुर्भाग्यपूर्ण है।

श्री कोहले ने कहा कि यदि किसानों की मांगों का शीघ्र निराकरण नहीं किया गया, तो 17 अक्टूबर को माननीय नकुलनाथजी के नेतृत्व में सौसर में आयोजित किसान आंदोलन में ग्राम सायरा सहित क्षेत्र के सैकड़ों किसान शामिल होकर अपनी आवाज बुलंद करेंगे।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि युवा कांग्रेस किसानों के हितों की लड़ाई पूरी मजबूती से लड़ेगी। किसानों को राहत मिलने तक इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया जाता रहेगा।

इस अवसर पर - रेवनाथ गुर्वे विनायक गुर्वे संदीप रूघे हर्ष वाठ प्रविण खडाईत हरिओम गुर्वे विनोद गुर्वे अभिषेक गुर्वे राजेन्द्र रूघे विनायक खडसे राजु जाने बबलु वाफाडे प्रदीप रुघे शंकर बेड़े जगदीश मगरूलकर महादेव बल्हे टिकाराम गुर्वे प्रणित रूघे आनंद रूघे राजेश मगरूलकर महेश गुर्वे प्रमोद गुर्वे संदीप खडसे विट्ठल गुर्वे माधव गुर्वे एवं साथी उपस्थित थे।

सौसर में धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस मनाया, निकाली रैली



डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर नवयुवक मंडल के आयोजन में बुद्ध वंदना और माल्यार्पण कर महापुरुषों को किया नमन

सौसर। धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस के अवसर पर बुधवार को सौसर नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान तथागत गौतम बुद्ध एवं भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के विचारों का स्मरण कर उन्हें नमन किया गया। मुख्य आयोजन डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर नवयुवक मंडल सौसर के तत्वावधान में किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत बुद्ध विहार में बहुजन नायकों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण एवं पूजन किया गया। इसके पश्चात सामूहिक बुद्ध वंदना की गई। बुद्ध विहार से रैली निकाली गई, जो डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर चौक, पटांगण एवं भारतीय संविधान चौक पहुंची। यहां धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस मनाकर महापुरुषों के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया गया।

डॉ. आंबेडकर ने 14 अक्टूबर 1956 को ग्रहण की थी बौद्ध दीक्षा

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि 14 अक्टूबर 1956 को नागपुर की पावन दीक्षाभूमि पर डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर ने लाखों अनुयायियों की उपस्थिति में बौद्ध धर्म की दीक्षा ग्रहण की थी। इस अवसर पर उन्होंने समाज के सर्वांगीण विकास, समानता और कल्याण के लिए 22 प्रतिज्ञाएं भी दिलाई थीं। वक्ताओं ने कहा कि भगवान गौतम बुद्ध के करुणा, मैत्री, प्रेम और प्रज्ञा के संदेश आज भी मानव समाज को शांति एवं सद्भाव का मार्ग दिखाते हैं। तथागत बुद्ध और डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के विचारों को अपनाकर समाज में समानता, बंधुत्व और मानवीय मूल्यों को मजबूत किया जा सकता है।

इस अवसर पर नवयुवक मंडल अध्यक्ष पंकज शेंडे, मुरलीधर कामले, धम्मपाल बसोड़, दामोदर सहारे, मुकेश बागड़े, मिलिंद बंसोड़, प्रमोद नगरारे, डॉ. चंद्रशेखर गजभिए, डॉ. दीपक शेंडे, शशांक पाटिल, कैलास गजभिए, जी.एम. दुफारे, शुभम सोमकुँवर, सागर वाहने, सतीश बंसोड़, अल्केश गजभिए, डॉ. श्वेता गजभिए, श्रीमती रजनी गोडबोले, ज्योति बंसोड़, कल्पना गजभिए सहित बड़ी संख्या में बौद्ध उपासक एवं उपासिकाएं उपस्थित रहे।

श्रीरामलीला में सजा सीता स्वयंवर, श्रीराम ने भंग किया शिव धनुष

ब्राह्मण समाज ने रामलीला समिति के सदस्यों और पात्रों का किया सम्मान



जुन्नारदेव-; नगर की ऐतिहासिक धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक परंपरा श्रीरामलीला मंचन के तीसरे दिन सीता स्वयंवर, शिव धनुष भंग और लक्ष्मण-परशुराम संवाद की लीला का भव्य मंचन किया गया। कलाकारों के जीवंत अभिनय ने दर्शकों को कथा से जोड़े रखा। वहीं, पिट्ठल नरेश की भूमिका में तरुण बत्रा ने अपने अनूठे अभिनय और आकर्षक वेशभूषा से दर्शकों को खूब गुदगुदाया। लीला के प्रसंग के अनुसार राजा जनक ने प्रतिज्ञा की थी कि जो राजकुमार शिव धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाने में सफल होगा ।उसी के साथ राजकुमारी सीता का विवाह किया जाएगा। इस स्वयंवर में अनेक राजा-महाराजा और राजकुमार पहुंचे। लंकापति रावण भी पाताल नरेश बाणासुर के साथ जनकपुरी आया। बाणासुर की सलाह के बावजूद अहंकार में चूर रावण ने शिव धनुष उठाने का प्रयास किया, लेकिन उसे सफलता नहीं मिली। इसी बीच आकाशवाणी के माध्यम से अपनी पुत्री कुंभनिशा के अपहरण की सूचना मिलने पर रावण को लंका लौटना पड़ा ।इसके बाद गुरु विश्वामित्र की आज्ञा से भगवान श्रीराम ने शिव धनुष उठाकर उसका भंजन कर दिया। धनुष टूटने की गर्जना से स्वयंवर स्थल गूंज उठा और राजकुमारी सीता ने श्रीराम का वरण किया। शिव धनुष भंग होने की सूचना पर क्रोधित ऋषि परशुराम राजा जनक के दरबार पहुंचे। यहां लक्ष्मण और परशुराम के बीच तीखा संवाद हुआ। श्रीराम के विनम्र व्यवहार और उनके दिव्य स्वरूप का बोध होने पर परशुराम का क्रोध शांत हुआ और उन्होंने भगवान श्रीराम के समक्ष समर्पण किया। इस प्रसंग ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। पिट्ठल नरेश के अभिनय ने बटोरी वाहवाही----- सीता स्वयंवर के दौरान पिट्ठल नरेश की भूमिका आकर्षण का केंद्र रही। तरुण बत्रा ने इस किरदार को अपने विशिष्ट अंदाज, संवाद अदायगी और हास्यपूर्ण अभिनय से जीवंत बना दिया। उनकी प्रस्तुति ने दर्शकों को खूब हंसाया और रामलीला के वातावरण में मनोरंजन का रंग भर दिया। उपस्थित दर्शकों ने तालियों के साथ उनके अभिनय की सराहना की।

कलाकारों ने किया जीवंत अभिनय----- तीसरे दिन की लीला में श्रीराम की भूमिका अनुरूप शर्मा, लक्ष्मण की भूमिका शैलेंद्र 'मिंटू' शर्मा, रावण की भूमिका दुर्गा दहाट, बाणासुर की भूमिका मुन्नालाल जमधरिया, गुरु विश्वामित्र की भूमिका धर्मेंद्र मालवीय, राजा जनक की भूमिका राजेश श्रीवास्तव, परशुराम की भूमिका शंकर सेन, श्रीगणेश की भूमिका वंश विश्वकर्मा, सरस्वती की भूमिका कुलदीप नंदेकर, सीता की भूमिका हर्षित सोनी और गौरी की भूमिका ओम सूर्यवंशी ने निभाई। सखी की भूमिका संदेश बागड़े ने निभाई। इसके अलावा देवांश मालवीय, तरुण बत्रा, कैलाश साहू, बेनी प्रसाद बरहया, राहुल मुंगेर, राजेश रजक, अंकुर रघुवंशी, जित्तू बंडेवार और सर्वज्ञ शर्मा सहित अन्य कलाकारों ने विभिन्न पात्रों का अभिनय कर मंचन को प्रभावशाली बनाया।श्रीरामलीला के तीसरे दिन सीता स्वयंवर, शिव धनुष भंग और लक्ष्मण-परशुराम संवाद के प्रसंगों ने धार्मिक आस्था के साथ मनोरंजन का भी सुंदर समन्वय प्रस्तुत किया।

ब्राह्मण समाज ने रामलीला समिति के सदस्यों और पात्रों का किया सम्मान----

स्वत्वाधिकारी , मुद्रक , प्रकाशक एवं सम्पादक सौरभ त्रिवेदी द्वारा श्री मायापति ऑफसेट इंडस्ट्रियल एरिया -प्लाट न.171/2 माता गोरा किचरी के पास उर्दना जिला सिवनी से प्रकाशित एवं विचारों के लिए -कार्यालय श्रेय सिवनी म.प्र. RNI NO. MPHIN/26 वार्ता